देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–232 । सागर, बुधवार, 11 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

ऐशो-आराम एवं करोड़ों की संपत्ति छोड़ जैन मुनि बनने दीक्षा लेंगे युवा पृष्ठ 3

- 5 सूबों की सरकारें बनने-बिगड़ने से बढ़कर हैं ये चुनाव
- जाति जनगणना इंडिया का भाजपा के खिलाफ मुख्य हथियार पृष्ठ 4

- भाजपा ने खरगापुर से राहुल लोधी को दिया टिकट, कांग्रेस में असमंजस की स्थिति पृष्ठ 6

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूप का निरीक्षण पृष्ठ 7

सार-समाचार

रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत व इटली

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और इटली ने अनुसंधान एवं विकास, सह-विकास, सह-उत्पादन और संयुक्त उद्यमों की स्थापना सहित विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इटली और फ्रांस की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को रोम में इटली के रक्षा मंत्री ग्वीदो क्रोसेत्तो के साथ बातचीत के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण, सूचना साझा करने, समुद्री अभ्यास और समुद्री सुरक्षा सहित रक्षा सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में रक्षा उद्यमों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

मंडला में जन आक्रोश रैली में शामिल होंगी प्रियंका गांधी



भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 12 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के मंडला में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में शामिल होंगी और एक जनसभा को संबोधित करेंगी। प्रदेश कांग्रेस की ओर से यहां मुहैया कराई गई जानकारी के अनुसार प्रियंका गांधी वाड्रा 12 अक्टूबर को मंडला पहुंचेंगी, जहां वे कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में शामिल होंगी। प्रियंका गांधी वहां के रामनगर ग्राउंड में दोपहर लगभग 12 बजे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगी।

कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची श्राद्ध पक्ष के बाद

सतना, देशबन्धु। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि पार्टी प्रत्याशियों की सूची श्राद्ध पक्ष के बाद आएगी। कमलनाथ ने यहां मीडिया के सवालों के संक्षिप्त जवाब में यह टिप्पणी की। उनसे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी प्रत्याशियों की सूची को लेकर सवाल किया गया था। उन्होंने कहा कि यह कार्य श्राद्ध के बाद होगा। इस दौरान उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा की विदायी का मन बना लिया है। अब भाजपा के पास कुछ नहीं बचा है और इसका अहसास उन्हें (भाजपा) हो गया है। विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होने के साथ ही सभी 230 सीटों पर नामांकनपत्र दाखिले का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। अभी तक कांग्रेस प्रत्याशियों की एक भी सूची नहीं आई है।

अदालत ने संजय सिंह की हिरासत 3 दिन बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ईडी हिरासत 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। एक अधिकारी ने कहा, अब समाप्त हो चुके उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय सिंह को पांच दिन की पुलिस हिरासत खत्म होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। वित्तीय जांच एजेंसी ने 4 अक्टूबर को नॉर्थ एवेन्यू इलाके में उनके आवास पर छापेमारी के बाद आप नेता संजय सिंह को गिरफ्तार किया था।

जम्मू-कश्मीर में सेना के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकी ढेर

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के शोपियां के अलशीपोरा में सेना के एनकाउंटर में मंगलवार सुबह दो आतंकी मारे गए हैं। इनकी पहचान मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूख उर्फ अबरार के नाम से हुई है। दोनों लश्करे-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े थे। कश्मीर के असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ने बताया कि आतंकी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था। इलाके में बड़ी संख्या में सैन्य बल तैनात है। और भी आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

शहडोल की जन आक्रोश रैली में बोले राहुल गांधी

भाजपा की प्रयोगशाला में मरे हुए लोगों का इलाज होता है

शहडोल, देशबन्धु। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मध्यप्रदेश आरएसएस और भाजपा की प्रयोगशाला है। उन्होंने इस संबंध में वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी की एक किताब का हवाला देते हुए कहा कि आडवानी जी ने कहा था कि आरएसएस और भाजपा का सच्चा कारखाना गुजरात नहीं मध्यप्रदेश है।

शहडोल जिले के ब्यौहारी में राहुल गांधी ने जनआक्रोश रैली को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के किसी भी प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं किया जाता, लेकिन मध्यप्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है। राहुल ने कहा कि मध्यप्रदेश में शिव जी का नाम लेकर महाकाल कॉरिडोर में घोटाला किया जाता है, मिड-डे मील में चोरी की जाती है, बच्चों की स्कूल यूनिफॉर्म में चोरी की जाती है, प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जाता है, एमबीबीएस की सीट बेची जाती है। उन्होंने कहा कि व्यापमं में एक करोड़ युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जाता है, पटवारी बनने के लिए 15 लाख की रिश्वत ली जाती है।

श्री गांधी ने कहा कि प्रदेश में 18 साल में 18 हजार किसान यहां आत्महत्या करते हैं, भाजपा की प्रयोगशाला में 3 किसान रोज यहां आत्महत्या करते हैं, मंदसौर में किसानों को गोली मारी जाती है। कांग्रेस नेता राहुल ने महिला उत्पीड़न का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा की इस प्रयोगशाला में हर रोज महिलाओं से दुष्कर्म हो रहा है। भोपाल में एक लड़की का रेप होता है और उसे बचाने की कोशिश में भाई की पुलिस के सामने हत्या कर दी जाती है।

■ शेष पृष्ठ 5 पर

पिछड़ों की जनगणना देश का एक्सरे

कांग्रेस नेता राहुल ने कहा कि दलित, आदिवासी एवं पिछड़ों की जनगणना देश का एक्सरे है वो हम करवाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं मोदीजी को चुनौती देता हूं कि हमनें जो जाति जनगणना करवाई थी, उसके आंकड़े जनता के सामने रखें, मोदी जी पाकिस्तान, अफगानिस्तान समेत दुनिया भर की बात करते हैं, लेकिन जाति जनगणना पर बात नहीं करते, क्योंकि इनका रिमोट अडानी के हाथ में है।

हम वही वादे करते हैं जो पूरे किए जा सकें

राहुल ने कहा कि हम मोदी जी की तरह झूठे वादे नहीं करते। हम वादे वही करते हैं जो पूरे किए जा सकें। हम प्रदेश में हर मां-बहन को 15 सौ रुपए प्रतिमाह देंगे, 5 सौ रुपए में सिलेंडर देंगे, 1 सौ यूनिट बिजली मुफ्त देंगे, आदिवासियों को तेंदूपत्ता की राशि 4 हजार देंगे। आप सबने इतनी प्यार मोहब्बत से मेरी बात यहां आकर एवं टीवी पर सुनी, आप सब का दिल से धन्यवाद।

कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा, बोले-

प्रदेश में अर्थव्यवस्था से लेकर कृषि तक सब चौपट

पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज यह प्रदेश आदिवासियों पर अत्याचार में नंबर वन है और प्रदेश में लगातार अत्याचार बढ़ता जा रहा है। यह प्रदेश चौपट प्रदेश बन गया है। कमलनाथ ने रानी दुर्गावती, बादल भोई, टंट्या मामा को याद करते हुए कहा कि मैं आदिवासी क्षेत्र छिंदवाड़ा से आता हूं। आज यहां आकर बहुत खुशी हुई। राहुल गांधी आप उस प्रदेश में आए हैं, जहां चौपट सरकार सालों से चल रही है। यहां अर्थव्यवस्था से लेकर कृषि तक सब कुछ चौपट है। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के बाद ये पहली सभा है। इस चुनाव में मध्य प्रदेश के भविष्य का फैसला होना है। आने वाली पीढ़ियों को कैसा मध्य प्रदेश देना चाहते हैं, ये आने वाला चुनाव तय करेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही हम सबसे पहले रेत माफिया से निपटेंगे। रेत का अधिकार आपको देंगे। शिवराज ने घर-घर में शराब दी है। हमारी सरकार ने अपनी नीति और नियत का परिचय दिया। 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया, शहडोल के 18 हजार किसानों का कर्ज पहली किस्त में माफ किया। 100 रुपये 100 यूनिट बिजली दी। एक हजार गौशाला बनाई। हमने पेंशन बढ़ाई। हमने मध्यप्रदेश की पहचान बनाने की कोशिश की। यहां निवेश आए और यहां के युवाओं को रोजगार मिले। ये मेरा प्रयास था।

शिवराज ने राहुल और कमलनाथ पर साधा निशाना, कहा-

झूठे वचन पत्र के लिए माफी मांगे

भोपाल, देशबन्धु। राहुल गांधी बात मोहब्बत की करते हैं, लेकिन असलियत में वो झूठ की दुकान चला रहे हैं, मध्यप्रदेश आकर भी वो सिर्फ झूठ ही बोलते हैं। शहडोल के ब्यौहारी में महिला अपराध और आदिवासियों को लेकर वे सिर्फ झूठ बोलकर चले गए। दरअसल राहुल बाबा कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सरकारों द्वारा किये जा रहे काले कारनामों को मध्यप्रदेश में गिना रहे हैं, क्योंकि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में 20 साल में जनकल्याण और विकास के जो कार्य हुए हैं उसमें हर वर्ग खुशहाल है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कही।

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को बांटा है, राहुल गांधी भी मध्यप्रदेश को बांटने के लिए आए थे। उन्होंने कहा आगे कहा कि राहुल बाबा झूठ की दुकान के मैनेजर हैं और कमलनाथ झूठ के सेल्समेन, दोनों मिलकर मध्यप्रदेश में झूठ बेच रहे हैं। राहुल बाबा मध्यप्रदेश की जनता से कमलनाथ की करप्शन, कमीशन और क्राइम वाली 15 माह की सरकार के कुकर्मों के लिए माफी मांगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राहुल गांधी ने 2018 के चुनाव के समय मध्यप्रदेश आकर किसानों की कर्जमाफी का वादा किया था, और कहा कहा था यदि 10 दिन में कर्जमाफ नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री बदल दूंगा, लेकिन सच्चाई इसके उलट है न तो कांग्रेस की सरकार कर्जा माफ कर सकी और न ही मुख्यमंत्री बदल सकी। इसलिए मध्यप्रदेश की जनता ने सवा साल में ही कांग्रेस की सरकार बदल दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा महिलाओं के लिए झूठी गारंटी देने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बैगा, भारिया और सहरिया बहनों को आहार अनुदान के तहत मिलने वाले 1000 रुपए बंद करने वाले आज किस मुंह से महिलाओं के विकास की बात कर रहे हैं। राहुल बाबा जवाब दें आखिर क्यों आदिवासी बहनों के हक छीना, क्यों किसानों की कर्जमाफी न करके उन्हें डिफाल्टर बनाया? क्यों 4000 रुपए बेरोजगारी भत्ते का युवाओं से झूठा वादा किया? राहुल गांधी जी आपने और कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बस छलने और ठगने का काम किया है, आप वोट नहीं मध्यप्रदेश की जनता से माफी मांगिये।

ईडी ने राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क की

नई दिल्ली, एजेंसी। धन शोधन मामलों की जांच करने वाली वित्त मंत्रालय की एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अर्जित की थीं। ईडी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये सम्पत्तियां राजा की बेनामी कंपनी मेसर्स कोवई शेल्टर्स प्रमोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर थी। इन्हें राजा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत कुर्कु किया गया है। बयान में कहा गया है कि पीएमएलए के तहत स्थापित निर्णायक प्राधिकारी ने कुर्की की पुष्टि की । ईडी की जांच में पता चला कि राजा पर्यावरण मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान (2004 से 2007 तक) एक गुरुग्राम की एक रियल-एस्टेट कंपनी को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की। यह कंपनी देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में है और इसके शेयर बीएसई में सूचीबद्ध हैं।

वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अर्जित की थीं

45 एकड़ जमीनें खरीदी गई

बयान के अनुसार रियल-एस्टेट कंपनी ने बदले में ए. राजा को रिश्वत दी है। यह रिश्वत वर्ष 2007 के आसपास भूमि के लिए कमीशन के रूप में राजा की बेनामी कंपनी के हाथ में गई। यह कंपनी राजा ने 2007 में अपनी अपने परिवार के सदस्यों और उनके करीबी पारिवारिक मित्रों के नाम पर गठित की थी। इस कंपनी के गठन का एक मात्र उद्येश्य अपराध की कमाई को ठिकाने लगाने का एक मार्ग निकालना था। इस कंपनी का कोई कारोबार नहीं थी। ईडी की जांच से पता चला कि इस कंपनी को मिले कमीशन के पैसे से कोयंबटूर में लगभग 55 करोड़ रुपए की 45 एकड़ जमीनें खरीदी गई ।

आप विधायक अमानतुल्ला के ठिकानों पर भी छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामलों की जांच के तहत मंगलवार को ओखला के आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान के परिसरों पर तलाशी ली। ईडी ने यह कार्रवाई आप नेता एवं सांसद संजय सिंह के आवास पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार करने और दिल्ली शराब नीति से जुड़े एक मामले में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद की है।

मोरबी पुल हादसा पर एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट

निजी कंपनी को ठहराया जिम्मेदार

हादसे में 135 लोगों की हो गई थी मौत

अहमदाबाद, एजेंसी। मोरबी पुल ढहने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुजरात उच्च न्यायालय को 5,000 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में ओरेवा कंपनी के प्रमुख कर्मियों को दोषी ठहराया गया है जो पुल के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार थी। मोरबी में मच्छू नदी पर बना झूला पुल 30 अक्टूबर, 2022 की शाम को ढह गया था। राज्य सरकार ने मामले की गहन जांच करने के लिए एक समिति का गठन किया था। गौरतलब है कि इस महत्वपूर्ण पुल के रखरखाव और निगरानी का जिम्मा ओरेवा ग्रुप को सौंपा गया था। एसआईटी रिपोर्ट के अनुसार ओरेवा के प्रबंध निदेशक जयसुख पटेल, प्रबंधक दिनेश दवे और प्रबंधक दीपक पारेख घटना के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

सुरक्षा उपकरणों भी नहीं थी पर्याप्त व्यवस्था

इसके अतिरिक्त इसमें पुल के उद्घाटन से पहले की गई फिटनेस रिपोर्ट की अनुपस्थिति और स्थानीय नगरपालिका अधिकारियों से इनपुट मांगने में ओरेवा कंपनी की विफलता को भी नोट किया गया है। इसके अलावा, टिकटों की बिक्री बिना किसी सीमा के संचालित हुई। पुल पर सुरक्षा उपकरणों और कर्मियों की अपर्याप्त व्यवस्था भी उतनी ही चिंताजनक पाई गई।

राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के स्रोतों में शामिल

चुनावी बांड योजना पर 31 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह 'चुनावी बांड योजना' की वैधता पर फैसले के लिए 31 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा और इसमें कोई बाधा आती है तो अगले दिन भी सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अंतिम सुनवाई की तारीख तय करने का फैसला किया। शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ.जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी। चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्रोतों में शामिल है। पीठ के समक्ष एनजीओ एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनावी बांड योजना को इस लिए चुनौती दी गई कि यह एक धन विधेयक में पारित किया गया था। इसके अलावा गुमनाम फंडिंग के प्रावधान के कारण यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। इस योजना से राजनीतिक दलों को बड़ी मात्रा में धन उन कंपनियों से आता है, जिन्हें उनसे कुछ लाभ प्राप्त हुआ है। इस तरह यह भ्रष्टाचार को भी भी बढ़ावा देता है।

निलंबन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राघव



आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा से निलंबन के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इसके अलावा उन्होंने सरकारी बंगला खाली करने का आदेश देने वाले ट्रायल कोर्ट के फैसले को भी दिलली हाईकोर्ट में चुनौती दी। जिस पर जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव नरुला की बेंच 11 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। राघव ने दोनों याचिकाएं 10 अक्टूबर को दाखिल कीं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, आचार संहिता के बारे में दी जानकारी

लाड़ली बहना योजना बंद नहीं होगी, लेकिन नए हितग्राही नहीं जुड़ेंगे

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
मध्यप्रदेश निर्वाचन सदन

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बंद नहीं की जाएगी, हालांकि इसमें नए हितग्राही के जोड़ने पर रोक रहेगी। लाड़ली बहना योजना के साथ ही अन्य हितग्राही मूलक योजनाएं चलती रहेंगी। प्रदेश में संविदाकर्मी, आंगनबाड़ी, आशा-ऊषा कार्यकर्ता को भी मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा। जबकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई नया निर्माण भी नहीं हो सकेगा। वहीं मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक किसी को स्वेच्छानुदान नहीं दे सकेंगे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग नए निर्देशानुसार कोई भी मंत्री अपने सरकारी काम के साथ-साथ चुनावी दौरा नहीं कर सकेंगे। चुनाव कार्य के दौरान सरकारी मशीनरी का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। राजकीय विमान या वाहन का उपयोग केवल सरकारी कार्य के लिए होगा। राज्य के खर्च पर अब कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा। मंत्री सड़क बनाने या पानी पहुंचाने का वादा नहीं कर सकेंगे, कोई नियुक्ति नहीं दी जाएगी। मतदाता को प्रभावित करने वाला कोई भी काम अब नहीं हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी का स्थानांतरण करना आवश्यक है तो उसके लिए प्रस्ताव बनाकर अनुमति के लिए आयोग को भेजना होगा। किसी भी शासकीय या सार्वजनिक स्थान पर किसी का एकाधिकार नहीं होगा। आनलाइन अनुमतियां दी जाएंगी। शासकीय वेबसाइट से राजनीतिक व्यक्तियों के फोटो या संदेश हटाए जाएंगे। शासकीय संपत्ति पर लगे होर्डिंग्स या पोस्टर 24 घंटे, सार्वजनिक संपत्ति पर 48 घंटे और निजी संपत्ति पर लगे होर्डिंग्स 72 घंटे में हटाए जाएंगे। लाउडस्पीकर रात 10 से सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगे। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, मनोज खत्री, बसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला तथा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

- सरकारी संसाधनों का चुनाव में उपयोग नहीं कर सकेंगे मंत्री
- स्वेच्छानुदान पर लगाई रोक
- कोई नया निर्माण कार्य भी नहीं होगा

सार-समाचार

वन परिक्षेत्र अधिकारी ने आरोपों को बताया षड्यंत्र

गौरझामर, देशबन्धु। आरोप प्रत्यारोप के चलते गौरझामर वन विभाग सुर्खियों मे बना हुआ है, जहां वनपाल द्वारा रेंजर की शिकायत के बाद ऑडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद वनपाल लापता हो गये, जिनको पुलिस ने यूपी से दस्तयाब किया था, वही हाल फिलहाल मामलों को लेकर वन विभाग की किरकिरी हुई थी, पूरे मामले में रेंजर पर आरोप लगाए गए थे, इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपांकर सिंह ने आरोपो को तथ्यहीन और झूठा बताया है, उन्होंने आरोपों को षड्यंत्र बताते हुए कहा मेरी और विभाग की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया था जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो गया।

जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

सागर, देशबन्धु। ज्ञानवीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड साइंस सागर में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आरके त्रिवेदी कुलपति ज्ञानवीर विश्वविद्यालय तथा अध्यक्षता डॉ. महेश शुक्ला प्राचार्य ने की, विशिष्ट अतिथि क रूप में डॉ. विनोद सिंह तोमर अकादमिक निदेशक उपस्थित थे। सागर जिले से 6 महाविद्यालयों की टीमों के महिला एवं पुरूष खिलाड़िओं ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में दो विधाओं का आयोजन किया गया। महिला वर्ग विजेता शास. स्वा. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर एवं उपविजेता शास. महाविद्यालय बीना की टीम रही। पुरूष वर्ग में शास. महाविद्यालय रहली विजेता तथा उपविजेता शास. महाविद्यालय देवरी रही। सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया एवं संभागीय प्रतियोगिता में सफल होने हेतु आशीष दिया गया। सागर जिला खेल कुश्ती संघ के मनीष यादव सचिव, विष्णु यादव निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। विद्यार्थियों की पात्रता परीक्षण डॉ. अरविंद यादव और रामरतन यादव ने किया। कार्यक्रम में सभी टीमों के कोच और मैनेजर उपस्थित रहे।

बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

सागर, देशबन्धु। बालिका के साथ छेडछाड़ करने वाले अभियुक्त सुरेश अहिरवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट एवं नवम अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा. 354 के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड तथा पाक्सो एक्ट की धारा.9(एम)/10 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने थाना सानौधा में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि पीड़िता 9 जुलाई 2021 को शाम करीब 4 बजे दुकान से कुछ सामान लेने गई थी जहां पर अभियुक्त सुरेश अहिरवार ने उसके साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ की, तो वह वहां से भागकर घर आई और अपने मम्मी पापा को पूरी बात बताई। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

चुनावी प्रचार-प्रसार की होगी सतत मॉनिटरिंग

सागर, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट, डिजीटल और सोशल मीडिया में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए जिला कलेक्टर ऑफिस के कक्ष 218 में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है। इस सेल में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए चार पालियों में 25 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस सेल में लगातार टेलीविजन और प्रिंट मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित होने वाले विज्ञापनों, समाचारों और फेक न्यूज तथा सभी राजनीतिक समाचारों की मॉनिटरिंग की जाएगी। इस सेल द्वारा अभ्यर्थियों से विज्ञापन प्रमाणन के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे तथा समय सीमा में परीक्षण उपरांत विज्ञापन की अनुमति प्रदान करना सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए चार पाली में ड्यूटी लगाई गई है।

स्कूल प्राचार्यों की बैठक में मतदाता जागरूकता पर चर्चा हुई

सागर, देशबन्धु। विकासखंड सागर अंतर्गत संचालित समस्त शास. हाई-हॉयर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यो प्रभारी प्राचार्यों की बैठक जिला ग्रंथालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार जैन द्वारा सीएम हेल्प लाईन, लंबित पेंशन एवं कर्मचारियों के लंबित वित्तीय प्रकरणों तथा मतदाता जागरूकता संबंधी विषय पर चर्चा की। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अभय श्रीवास्तव द्वारा रेमेडियल क्लासेस प्रारंभ करने, ऑन लाईन पेमेंट, दिव्यांग विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी दी। यूडाईस 2023-24 विमर्श पोर्टल पर नामांकन एवं इत्यादि की जानकारी की दी गई। यूडाईस के राज्य स्तरीय नोडल प्रभारी एमएल जैन द्वारा सत्र 2023-24 में यूडाईस डाटा से विद्यार्थियों को किस प्रकार हटाया जाये एवं मोबाईल के माध्यम से यूडाईस डाटा प्रविष्टि किस प्रकार से की जावे इत्यादि संबंध में विस्तृत चर्चा की। शान मुहम्मद नोडल प्रभारी द्वारा असफल बैंक खाता को सुधारने एवं सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों की प्रोफाईल प्रविष्टि करने तथा एमपीटास्क पोर्टल पर आवेदन हेतु सभी प्राचार्यों से विस्तृत चर्चा की गई। सहायक संचालक रेणु परस्ते द्वारा प्रत्येक माह की 25 तारीख तक वेतन देयक अनिवार्यत: विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी द्वारा भी विभिन्न विषयों के संबंध में चर्चा की।

शस्त्र अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित

सागर, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी दीपक आर्य ने शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 17 के तहत जिले के समस्त थाना क्षेत्रों के समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की शस्त्र अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी आदेश जारी होने से अपने-अपने शस्त्र सम्बंधित पुलिस थाने में अनिवार्य रूप से जमा कराकर पावती प्राप्त करेंगे। निर्वाचन अवधि के दौरान अनुज्ञप्तिधारी शस्त्र विक्रेता किसी भी प्रकार के अस्त्र शस्त्र एवं कारतूस का क्रय विक्रय नहीं करेंगे तथा आदेश जारी होने की दिनांक के अंतिम स्टॉक की जानकारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश न्यायिक सेवा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण एवं उनके सुरक्षा गार्ड बैंक सुरक्षा गार्ड शासन के स्वीकृत सुरक्षा गार्ड, सुरक्षा बलों, पुलिस अर्धसैनिक बलों पर लागू नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा एवं विधानसभा निर्वाचन संपन्न होने तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधि के प्रावधानों के अनुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन गतिविधियों में संलग्न विभिन्न राजनैतिक दलों व उनके कार्यकर्ताओं द्वारा आमसभा, जुलूस, रैली आदि का आयोजन किया जायेगा और इस दौरान राजनैतिक दलों, व्यक्तियों द्वारा प्रचार-प्रसार के दौरान एक दूसरे के विरूद्ध उत्तेजक शब्दों का प्रयोग करने की संभावना है, जिससे तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो सकती है। अनेक कार्यकर्ताओं के पास शस्त्र अनुज्ञप्ति भी है जिससे वे आमसभा जुलूस के दौरान शस्त्र धारण कर उसका दुरूपयोग कर सकते है, जिससे अप्रिय घटना घटित होने एवं क्षेत्र की शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित होने की प्रबल आशंका है। जिले में काफी संख्या में शस्त्र लायसेंसधारी है। विधानसभा निर्वाचन 2023 की गतिविधियों एवं प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित, स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न रूप से संपन्न करने, कानून व्यवस्था बनाए रखने, मानव जीवन की सुरक्षा एवं लोकशांति बनाये रखने हेतु शस्त्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना व प्रचलित शस्त्र अनुज्ञप्तियों को निलंबित करना आवश्यक है।

जीवन को बदलना चाहते हो, तो अपने नजरिए में परिवर्तन लाओ: मुनिश्री

मकरोनिया, देशबन्धु। वास्तु के प्रति आसक्ति के भाव को राग और वास्तु के प्रति घृणा के भाव को द्वेष कहते हैं। राग और द्वेष जीवन के शत्रु है। राग और द्वेष के कारण ही मनुष्य ने अपने परा, का भेद करके समाज, परिवार, नगर, देश और संसार को बांट दिया है यह बात मुनिश्री सुदत्त सागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा इष्ट पदार्थ में राग और अनिष्ट पदार्थ में द्वेष मत करो, वस्तु के प्रति मध्यस्थ भाव रखकर राग और द्वेष को समाप्त किया जा सकता है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि निराश मत हो, अपने नजरिये, में परिवर्तन लाओ जीवन को बदलने के लिए हमें खुद में लाई हुई मानसिक सोच को बदलना होगा। व्यापार, परिवार, प्रेम, फैक्ट्री, पढ़ाई, विवाह आदि में खटपट होने पर व्यक्ति टेंशन में आ जाता है और गलत कदम उठा लेता है, ऐसे लोगों पर ध्यान देकर प्रेम और वात्सल्य देकर मानसिक परिवर्तन लाओ तभी विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाना सार्थक होगा।

मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी हेतु चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

बीना, देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र बीना में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी हेतु एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना में प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ एवं मानव श्रृंखला बनाकर सभी मतदाताओं से विधानसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु अपील की गई। इस अवसर पर स्वीप मीडिया प्रभारी डॉ. एमएल सोनी ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव मतदान है। अत सभी युवा अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। प्रतियोगिताओं के प्रभारी मो. रफीक शेख ने बताया कि 14 अक्टूबर को कैंपस एंबेसडर का सम्मेलन, 16 अक्टूबर को मेहंदी प्रतियोगिता एवं 23 अक्टूबर को प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन होगा तथा चयनित विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेंगे। डॉ. एके जैन ने विद्यार्थियों को मतदान की महत्ता से अवगत कराया। नोडल अधिकारी प्रो. आरएस तिवारी एवं गौरव नैलवाल ने विद्यार्थियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

शांति समिति की बैठक सम्पन्न

गढ़ाकोटा, देशबन्धु। नगरपालिका के सभा कक्ष में आगामी नवरात्रि के त्यौहार को देखते हुए दुर्गा उत्सव समितियों के साथ तहसीलदार ऋषि गौतम एवं थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे द्वारा शांति समिति की बैठक ली। जिसमें सभी समितियों के लोगो को शांति बनाए रखने, डीजे का उपयोग न करने सहित अश्लील गाने नहीं बजाने हेतु निर्देशित किया गया। तहसीलदार ऋषि गौतम ने कहा कि सभी समितियां विद्युत विभाग से बिजली का अस्थाई कनेक्शन अनिवार्य रूप से ले जहा बिजली लाइन वहॉ पंडाल लगाए। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने कहा की आदर्श आचार संहिता लग जाने के चलते 10 बजे रात्रि से शोरगुल न करे पंडालों में भजन कीर्तन कर सकेगे। दुर्गा विसर्जन के दौरान शराब न पिये सभी लोग रात्रि 11 बजे तक दुर्गा विसर्जन कर सकेगे। इस दौरान सभी दुर्गा समितियों के लोग शामिल हुए जिन्होंने शासन के सभी दिशा निर्देशों का पालन करने का आश्वासन बैठक में दिया।

कोलाहल नियंत्रण के दृष्टिगत संपूर्ण जिला साइलेंस जोन घोषित

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से राजनैतिक दलों, व्यक्तियों द्वारा चुनाव प्रचार के कार्य में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के दुरुपयोग, लोक प्रशांति भंग करने हेतु ध्वनि विस्तार यंत्रों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका है, जिससे आमजन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने, कानून व्यवस्था य लोकशांति बनाये रखने में बाधा उत्पन्न हो सकती है। उक्त स्थिति में समग्र दृष्टि से विचार कर विधानसभा आम निर्वाचन 2023 निर्विघ्न, शांतिपूर्वक व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा ध्वनि प्रदूषण को रोकने की दृष्टि से लोकहित में मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम.1985 की धारा.18 के तहत सम्पूर्ण सागर जिले की राजस्व सीमाओं को आगामी आदेश तक कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र साइलेन्स जोन घोषित कर आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार संपूर्ण जिले में रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक लाउड स्पीकर विस्तार यंत्रों का सार्वजनिक उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम.1985 तथा ध्वनि प्रदूषण विनियम और नियंत्रण नियम 2000 के प्रावधान का अनुसरण कर ध्वनि मानक 10 डेसीबल या कुल क्षमता का 1/4 वाल्यूम में से जो कम हो पर ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग किया जायेगा। वाहन पर ध्वनि विस्तार यंत्र के उपयोग की स्थिति में वाहन का पंजीयन, वैध्य ड्रायविंग लायसेंस, बीमा, फिटनेस आदि दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। यदि चलित वाहन में लाउड स्पीकर का प्रयोग किया जाता है तो उपयोग में लाये जाने वाले मार्ग अथवा क्षेत्र का विवरण प्रस्तुत करना भी आवश्यक होगा। शासकीय विश्राम भवन, न्यायालय, चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट, जेल, विद्यालय, शासकीय कार्यालय, पुलिस थाना बैंक, दूरसंचार तथा अन्य क्षेत्र जो अन्यथा घोषित किए जाये आदि से 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तार यंत्रों के प्रयोग की अनुमति प्रदान नही की जायेगी। किसी भी आम सभा, जुलूस या चलित वाहन में ध्वनि विस्तार यंत्र के प्रयोग की अनुमति कम से कम 48 घंटे पूर्व संबंधित सक्षम अधिकारी से प्राप्त करना होगा। आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्तियों राजनैतिक दलों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मप्र कोलाहाल नियंत्रण 1985 के प्रावधानों अन्तर्गत दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। ध्वनि विस्तार यंत्र के प्रयोग की अनुमति हेतु अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में ध्वनि विस्तार यंत्र के प्रयोग की अनुमति प्रदान करने हेतु सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जबलपुर नाका स्थित राय प्रोविजन्स का किया औचक निरीक्षण

दमोह, देशबन्धु। डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दमोह माधवी बुधौलिया ने जबलपुर नाका, शक्ति नगर, दमोह स्थित राय प्रोविजन्स का औचक निरीक्षण किया। उक्त किराना दुकान से ग्राहकों को एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री को बेचने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए राय प्रोविजन्स का औचक निरीक्षण किया। जिसमें मौके पर किराना दुकान में एक्सपायरी डेट की लगभग 30 किलो खाद्य सामग्री संग्रहित पाई गई है जिसका बाजार मूल्य लगभग 4012 रुपए है। उक्त खाद्य सामग्री को नियमानुसार जब्त किया गया एवं मौके पर विनष्टीकरण किया गया। किराना दुकान संचालक को परिसर में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए।

महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास

सागर, देशबन्धु। महिला के साथ छेडछाड़ करने वाले आरोपी रामकिशन उर्फ हल्ले भाई सेन को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बण्डा, जिला सागर ज्योत्सना तोमर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादसं की धारा 354 के तहत दो वर्ष के सश्रम कारावास तथा 500 रूपये के अर्थदंड एवं धारा 323 भादसं के तहत तीन माह के सश्रम कारावास तथा 500 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी ताहिर खान ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने थाना बण्डा में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 नवम्बर 2017 की रात करीब 8 बजे की बात है, वह अपनी गाड़ी में लेटी थी, उसके पति खाना खाने शादी में गये थे। उसी समय अभियुक्त हल्ले भाई सेन आया और बुरी नियत से उसके साथ छेडछाड़ करने लगा, जब उसने मना किया और चिल्लाई तो इतने में उसका पति आ गया तब अभियुक्त हल्ले ने उसके पति को पत्थर से मारा जो उसके पति के सिर में लगा जिससे चोट आई। फिर अभियुक्त हल्ले सेन वहां से भाग गया और जाते जाते कहने लगा कि पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

श्रीमद भागवत कथा में कृष्ण जन्म उत्सव मनाया

ईश्वर की भक्ति ही शक्ति प्रदान करती है: यशोदानंदन दास

सागर, देशबन्धु। ग्रहस्त जीवन में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है। सभी व्रत में एकादशी व्रत को श्रेष्ठ बताया गया है। गुरू पर विश्वास होना चाहिए, गुरु के द्वारा बताये मार्ग से ईश्वर की प्राप्ति आसानी से होगी। ईश्वर की भक्ति ही शक्ति प्रदान करती है। भजन, पूजन भवसागर से पार करायेगा, पत्थर भी भगवान हो जाते है अगर भाव अच्छे है। गुस्सा हमारी अक्ल को खा जाता है, वैसे ही अहंकार हमारे मन को खा जाता है, इसी प्रकार प्रायश्चित हमारे पाप को खा जाता है, लालच हमारे ईमान को खा जाता है, उसी प्रकार चिंता हमारी आयु को खा जाती है और रिश्वत इंसान को खा जाती है। पं. यशोदानंदन दास द्वारा पुलिस लाइन श्रीराम मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिवस मे कश्यप ऋषि संवाद, वामन अवतार कथा, राम जन्म और कृष्ण जन्म की कथा सुनाई व धूमधाम से कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन से पंडाल गूंज गया।

जनसुनवाई आगामी आदेश तक स्थगित

सागर, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम को आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

भीम आर्मी ने दी कांशीराम साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि

सागर, देशबन्धु। समाज सुधारक, राष्ट्र उत्थान के लिए कार्य करने वाले, भारतीय राजनीति के रसायन शास्त्री एवं शोषित, वंचित, पिछड़े समाज के पुनरुत्थान हेतु अपना जीवन समर्पित करने वाले, सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत काशीराम साहब के परिनिर्वाण दिवस पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में भीम आर्मी, छात्रसंघ के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि भीम आर्मी, छात्रसंघ जिला अध्यक्ष पुष्पेन्द्र अहिरवार शामिल रहे और अध्यक्षता आशीष अहिरवार ने की, संचालन रोशन कुमार यादव ने किया एवं आभार दीनदयाल चौधरी ने व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में काशीराम साहब के जीवन, व्यक्तित्व व संघर्षों को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र, समाजसेवी एवं भीम आर्मी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवध प्रभा विद्यापीठ में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ

मालथौन, देशबन्धु। अवध प्रभा विद्यापीठ में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि संचालक डॉ. आशीष पटैरिया, विद्यालय की मेनेजर योगिता पटैरिया ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 वीं के छात्र युग शर्मा एवं हिमांशु राजपूत ने किया। कार्यक्रम में नृत्य की भूमिका कक्षा 1,2 एवं 3 के छात्र/छात्राओं द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय की मेनेजर योगिता पटैरिया द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय के संचालक डॉ. आशीष पटैरिया द्वारा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। शपथ ग्रहण समारोह में हैड बॉय के रुप में नीतिराज सिंह घोष एवं हेड गर्ल सिद्धि समृद्धि पटैरिया को चुना गया। एवं स्काउट ऑफ मेम्बर अशीष यादव, सुहानी कुशवाहा, पीहू जैन हर्शिता बघेल, जान्हवी रिछारिया, अवनी गुप्ता, मुस्कान बघेल, दीक्षा बघेल, लक्ष्मी बघेल, उन्नति श्रीमाली, आशीष सोनी, शैलेन्द्र यादव, विपिन साहू, उदय प्रताप परमार, सोमेन्द्र राजपूत, अनुज पुरी, राज घोषी को चुना गया। चेतना हाऊस से केप्टन सिमी जैन वाइस केप्टन सिद्धांत विजय पटैरिया कल्चरल मिनिस्टर यासिका पाल डिसीप्लेन मिनिस्टर पूर्वी तिवारी एजुकेशन मिनिस्टर सौम्या जैन, स्पोट्स मिनिस्टर आकाश आदिवासी, डिप्टी स्पोट्स मिनिस्टर यश सेन। जागृति हाऊस से केप्टन स्वेक्षा शर्मा, वाइस केप्टन अंकित चाचोन्दिया, कल्चरल मिनिस्टर गरिमा व्यास डिसीप्लिन मिनिस्टर आयुशी चौबे, एजुकेशन मिनिस्टर पावनी रावत, स्पोर्ट्स मिनिस्टर अभिशेक चौबे, डिप्टी स्पोर्ट्स मिनिस्टर ध्रुव राजपूत। कीर्ति हाउस से केप्टन राज चौरसिया, वाइस केप्टन तृप्ति जैन, कल्चरल मिनिस्टर गौरी दुबे, डिसीप्लिन मिनिस्टर गजेन्द्र कुशवाहा, एजुकेशन मिनिस्टर कीर्ति सेन, स्पोर्ट्स मिनिस्टर आयुश्मान तोमर, डिप्टी स्पोर्ट्स मिनिस्टर रवि राजा, प्रगति हाऊस से केप्टन दिशा जैन वाइस केप्टन रिद्धि सिसोदिया कल्चरल मिनिस्टर हीर राजपूत एजुकेशन मिनिस्टर प्रशांत दांगी, डिसीप्लिन मिनिस्टर शुभांगी चौरसिया स्पोर्ट्स मिनिस्टर लकी पटैल, डिप्टी स्पोर्ट्स मिनिस्टर सम्राट राजपूत। इन सभी मिनिस्टर छात्र छात्राओं ने शपथ गृहण की। उपेन्द्र कुशवाहा द्वारा छात्र छात्राओं को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या डॉली खरे, उपेन्द्र कुशवाहा, रागिनी कुशवाहा, डॉ. मनीशा नाहर, शिवभानु सिंह राजपूत, नीतेश जैन, आन्या जैन आदि उपस्थित रहे। छात्रों को शपथ प्राचार्य डाली खरे द्वारा दिलवाई गयी।

सार समाचार

डीलमणि, घासीराम, महेंद्र होंगे बसपा प्रत्यासी

छतरपुर, देशबन्धु। बीते रोज आचार संहित लागू होने के बाद बहुजन समाज पार्टी ने जिले की तीन और सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी की है। हाल ही में कांग्रेस छोडकर भाजपा में शामिल हुए छतरपुर के दिग्गज नेता डीलमणि सिंह बब्बू राजा और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. घासीराम पटेल को बसपा ने प्रत्याशी बनाया है।

डीलमणि सिंह बब्बू राजा बसपा के टिकिट पर छतरपुर से मैदान में उतरेंगे जबकि डॉ. घासीराम पटेल राजनगर से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा बिजावर विधानसभा के लिए पार्टी ने महेन्द्र गुप्ता ईशानगर को हरी झंडी दिखाई है।

महालक्ष्मी मंदिर में नि:शुल्क नेत्र शिविर कल

छतरपुर, देशबन्धु। सरानी गेट बाहर स्थित माता महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज एवं नवयुवक मंडल द्वारा 12 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट के डाक्टरों द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर प्रमोद अग्रवाल सर्राफ की स्मृति में उनके पुत्र आशीष अग्रवाल एवं स्व.प्रमोद सर्राफ के अनुज अशोक, विजय, आनंद एवं अजय अग्रवाल के सहयोग से आयोजित किया गया है।

अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि शिविर में श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट के डाक्टरों द्वारा आँखों की जांच कर दवाई और चश्मा दिये जाएंगे। जिन मरीजों की आँखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उनको शिविर के तत्काल बाद अपने वाहन से ऑपरेशन के लिए चित्रकूट लेकर जाएंगे। मरीजों के जाने, वापस आने एवं भोजन व ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी। शिविर के दौरान मरीजों को खिचड़ी प्रसाद और भोजन की व्यवस्था रहेगी।

नगर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि मरीजों को शिविर में आधारकार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। उन्होंने शिविर में आँखों के मरीजों को अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

ऐशो-आराम एवं करोड़ों की संपत्ति छोड़ जैन मुनि बनने दीक्षा लेंगे युवा

छतरपुर, देशबन्धु। कहते है जब वैराग्य जगा आदि मन में, जिन दीक्षा ली जाकर वन में। आज की इस एशोआराम की जिंदगी और करोड़ों की संपत्ति को छोड़ कर संपन्न घरों के नौ युवाओं ने आत्म कल्याण के लिए बैराग्य का कठिन मार्ग चुन लिया है। बैराग्य लेने के अपने दृढ़ संकल्प के चलते इनके परिजनों ने भी अपनी सहमति सहर्ष देकर इनकी भव्य विनोली यात्रा निकाली तथा ओली हल्दी का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ किया। अब इन नौजवान बैरागियों को पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज बड़ौत में 25 अक्टूबर को एक भव्य समारोह में धार्मिक विधि विधान से मुनि दीक्षा देंगे। डा सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि हमारे नगर के दो शिक्षित युवा वैराग्य धारण कर मुनि बनने जा रहे है,जो उनके परिवार और समाज के लिए अत्यंत गर्व की बात है।

उच्च शिक्षित हैं युवा : छतरपुर के इन दो ओजस्वी युवाओं में एक जैन ट्रेवल्स बस वाले परिवार के कंपनी सेक्रेटरी सुपुत्र विपुल जैन हैं,जो इंजी. विनोद उषा जैन के सुपुत्र है। बैराग्य के कठिन मार्ग को चुनने वाले दूसरे युवा एमकॉम डिग्रीधारी अंकुर जैन है, जो जानेमाने कपड़ा व्यवसायी श्री अजय ममता जैन के लाल है।

इनके साथ ही दूसरे नगरों के आठ अन्य धार्मिक युवा भी दिगम्बर दीक्षा धारण करने जा रहे है।दीक्षा पूर्व नगर में दो दिन चले कार्यक्रमों में इन सभी कठोर संयमधारी युवाओं की बिनौली एक साथ बड़े धूमधाम से निकाली गई एवं ओली हल्दी के कार्यक्रम भी उल्लास के साथ संपन्न हुए। इन युवाओं में सिद्धम जैन (पिंकु) पिता श्री कपूरचंद्र ऊषा जैन रूर,ज़िला भिंड, ब्र.विपुल जैन पिता श्री अरविंद शशि जैन, भिंड,बाल ब्र. हिमांशु जैन, पिताश्री मनोज कुमार मधु जैन, भिंड, हार्दिक जैन पिताश्री सुदीप कुमार रेखा जैन, इंदौर, राजेश जैन, पिता स्व. श्री राजकुमार मालती जैन, ललितपुर, ब्र. विपुल जैन (विनी) पिता इंजीनियर विनोद जैन, माँ श्रीमती उषा जैन, छतरपुर, एनडीए रिटर्न ब्रम्हचारी तन्मय कोठारी, पिता श्री संजय विभा जैन कोठारी, जबलपुर, बाल ब्रम्हचारी अंकुर जैन, पिताश्री अजय कुमार सिंघई ममता सिंघई, छतरपुर सम्मिलित हैं। इन सभी संयमी युवाओं की दीक्षा आगामी 25 अक्तूबर 23 को बड़ौत में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के पावन सानिध्य में होगी।

जैन समाज के उपाध्यक्ष श्री रीतेश जैन के मुताबिक दीक्षा पूर्व संस्कारो में पहले दिन इन सभी बैराग्य लेने वाले भाइयों की भव्य विनोली यात्रा जैन होटल बस स्टेंड से चौक बाजार, महल तिराहा, छत्रसाल चौक होते हुए श्री अजितनाथ जिनालय, मेलाग्राउंड तक हाथी, घोड़ों, बग्घियों, बैंड बाजों और आर्केस्ट्रा के साथ निकाली गई। विनोली यात्रा वह यात्रा होती हैं जिसमें भावी दीक्षार्थियो को राजा की तरह सजाया जाता हैं, भौतिक सुख सुविधाओं का लालच दिया जाता है और घर वापसी का मौका दिया जाता हैं, ताकि उनके वैराग्य के संकल्प को परखा जा सके। लेकिन जो वैराग्य का मन बना लेते हैं फिर उन्हें संसार कहा रास आता है।

दीक्षा के पूर्व कई वर्षों तक गुरु दीक्षार्थी की अलग-अलग तरह से परीक्षा लेते रहते हैं। वर्षो की कठिन तपस्या के बाद सुपात्र पाकर ही मुनि दीक्षा दी जाती है। जैन समाज के अध्यक्ष श्री अरूण जैन, महामंत्री श्री स्वदेश जैन एवं समस्त कार्यकारिणी ने नौ संयमी भाइयों के वैराग्य मार्ग पर चलने को एक महान कदम बताते हुए समाज के लिए गर्व की बात बताई।

4 महीने बाद भी नहीं हुआ मामला दर्ज

मदद के बहाने महिला का कार्ड बदल 75 हजार किए पार

नौगांव, देशबन्धु। शहर के ताज कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने एटीएम बूथ पर मदद के बहाने कार्ड बदलकर खाते से 75 हजार रुपए गायब होने की शिकायत के चार महीने गुजरने के बाद भी पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। पीड़ित महिला ने मामला दर्ज कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपा है।

जानकारी के मुताबिक राशदा सुल्ताना पिता शफीक अहमद खान निवासी ताज कालोनी 09 मई 2023 को कोठी चौराहा स्थित एटीएम बूथ पर रूपए निकालने गई थी। तभी किसी अज्ञात युवक ने मदद के बहाने कार्ड बदल लिया। और उसके खाते से जगदम्बा फास्ट फूड के खाता क्रमांक 312916094554 में दो बार में 75 हजार रूपया ट्रान्सफर कर दिये। जैसे ही खाते से पैसे निकले तो पीड़ित महिला ने एसबीआई की मैन ब्रांच एवं पुलिस थाना नौगांव में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

जिसके बाद पीड़ित महिला को बैंक मैनेजमेंट से एटीएम बूथ की सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हो गई। जिसमें बकायदा साफ दिख रहा है कि एक युवक महिला की मदद कर रहा है। पीड़ित महिला ने बैंक से मिली सीसीटीवी फुटेज पुलिस के पास जमा करा दी।

सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी नौगांव थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज नहीं किया। तो महिला ने मामले में कार्यवाई के लिए पुलिस अधीक्षक छतरपुर एवं सायबर सेल प्रभारी से लिखित शिकायत की है।

जिला पंचायत सदस्य कारन ने छोड़ी भाजपा

छतरपुर, देशबन्धु। बीते रोज जैसे ही भाजपा ने बड़ामलहरा विधानसभा से पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी को पुन: प्रत्याशी बनाया वैसे ही इस विधानसभा के भाजपा नेताओं की नाराजगी सामने आने लगी। विधानसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता और बकस्वाहा ब्लॉक के सुनवाहा निवासी जिला पंचायत सदस्य करन सिंह लोधी ने मंगलवार की सुबह अपने सभी पदों से त्याग पत्र देते हुए अपना दर्द बयां किया। करन सिंह लोधी द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए अपने पत्र में लिखा कि भाजपा ने हर बार की तरह इस बार भी उनकी विधानसभा से स्थानीय प्रत्याशी को मौका नहीं दिया, जिस कारण से समस्त क्षेत्रवासी आहत हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने स्थानीय जनभावनाओं का सम्मान नहीं किया जिस कारण से वे भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे रहे हैं।

एम्बूलेंस सेवा में लेट लतीफी समय पर नहीं मिलता मरीजों को इलाज

बक्सवाहा, देशबन्धु। मरीजों को लाने ले जाने वाले आपातकालीन वाहन सुविधा यानि कि एम्बुलेंस 108 का लाभ मरीजों को नही मिल पा रहा है। मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सवाहा का है जहां अस्पताल तक मरीज अगर गंभीर हालत में भी आते हैं तो भी मरीजों को एम्बुलेंस का इंतज़ार करना पड़ता है। एम्बुलेंस से संपर्क साधने पर कहा जाता कि एम्बुलेंस आने में कुछ घंटों का वक्त लगेगा कृपया इंतज़ार कीजिए।

यह है ताजा मामला : ताजा मामला रविवार को सामने आया जब तेरियामार की रहने वाली सुहागरानी यादव उम्र 65 साल को ब्लड प्रेशर की समस्या के चलते दमोह रैफर किया गया और फिर उन्हें एम्बुलेंस का करीब 01 घंटे इंतज़ार करना पड़ा। मरीज की हालत गंभीर थी जिससे डॉ. रविराज भी परेशान होते रहे। हालांकि सूत्रों की मानें तो ये कोई नई बात नहीं है ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं।

74 फीसदी लोगों नही मिल पाती समय पर एम्बुलेंस सुविधा : हमारी एक पड़ताल में पता चला है कि बक्सवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रैफर होने वाले करीब 74 फीसदी मरीजों को एम्बुलेंस सेवा में देरी का सामना करना पड़ता है तथा 20 फीसदी मरीजों को एम्बुलेंस सुविधा के लिए तत्काल मना कर दिया जाता है। राजनीतिक प्रभुत्व व पकड़ रखने वाले महज 06 फीसदी मरीजों को एम्बुलेंस सेवा की सहायता उपलब्ध हो पाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. रविराज की मानें तो जब भी एम्बुलेंस के लिए कॉल किया जाता है तो हमेशा दूसरे इवेंट पर रहने की बात कही जाती है जिससे मरीजों को समय पर उपचार नही मिल पाता है। कभी-कभी मरीजों के परिजनों के गुस्से का सामना भी हमें ही करना पड़ता है।

इनका कहना

बकस्वाहा से जिला चिकित्सालय दमोह 60 किलोमीटर, छतरपुर 100 किलोमीटर और सागर 80 किलोमीटर है, जिससे एक एम्बुलेंस अगर किसी मरीज को छोडने जाती है और दूसरा मरीज आ जाता तो सुविधा नहीं मिल पाती है. और मरीज परेशान होते है। साथ ही जननी एक्सप्रेस नॉन क्रिटीकल पेसेंट भी नही ले जाती है इसलिए बकस्वाहा के लिए एक एंबुलेंस जरूरी है।

ललित उपाध्याय, खंड चिकित्सा अधिकारी बक्सवाहा

मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है, अगर ऐसा पाया जाता है तो निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी।

नम: शिवाय अरजरिया,
अपर कलेक्टर छतरपुर

झाड़ियों ने ऊगली शराब की बोतलें, बरामद शराब की कीमत 2 लाख

छतरपुर, देशबन्धु। सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा आगामी चुनाव के मद्देनजर अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में सिविल लाइन पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बताया गया है कि सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा लाखों रुपए की अवैध शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की गई है।थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्रसाल नगर के पीछे स्थित कचरा प्रसंस्करण केन्द्र के पास कुछ शराब तस्कर मौजूद हैं और झाडियों में अवैध शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर दो आरोपियों को दबोच लिया। मौके पर पुलिस को गोआ कंपनी की 35 पेटी अवैध शराब मिली है, जिसे जप्त कर लिया गया है। जप्त शराब की कीमत करीब 2 लाख रुपए है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

कानफोड़ू बजा डीजे तो होगी कार्रवाई

छतरपुर, देशबन्धु। संपूर्ण प्रदेश सहित छतरपुर जिले में बीते रोज लागू हुई विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के तहत मंगलवार को जिला एसडीएम, सीएसपी सहित शहर के तीनों थाना प्रभारियों ने पुलिस कंट्रोल रूम में शहर के डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने के निर्देश दिए।

एसडीएम बलवीर रमण ने बताया कि आचार संहिता के दौरान रात्रि 10 बजे से सुबह तक डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। चूंकि नवदुर्गा पर्व समीप है इसलिए डीजे संचालकों को सभी नियमों की बिंदुवार जानकारी देकर उनका पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी डीजे संचालक द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया तो उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिवत कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सीएसपी अमन मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर, सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू, ओरछा रोड थाना प्रभारी उपमा सिंह सहित समस्त डीजे संचालक उपस्थित रहे।

मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, तनाव से मुक्त रहें : डॉ. शर्मा

छतरपुर, देशबन्धु। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विश्व के 200 देशों के साथ ही अपने देश में भी मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चर्चा हुई। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछले 33 वर्षों से मानसिक विक्षिप्तों की सेवा करने वाले डॉ. संजय कुमार शर्मा शामिल हुए। अन्य अतिथियों में जिला जज अरविंद जैन एवं विधिक सहायता अधिकारी न्यायाधीश हेमंत कुशवाह, समाजसेवी शंकरलाल सोनी उपस्थित रहे।

सागर रोड स्थित मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कहा कि आज दुनिया भर में लोग मानसिक अवसादों से ग्रसित हैं। मानसिक तनाव के कारण शरीर में गंभीर बीमारियां पनप जाती हैं।

इन बीमारियों से बचने का सिर्फ यही उपाय है कि हम मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान रखें और तनाव से बचें। उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव होने की स्थिति में लोग नशे की ओर मुड़ जाते हैं जो जीवन के लिए घातक है। 10 अक्टूबर पूरे विश्व में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए प्रेरणा देता है। मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम 2017 के माध्यम से मानसिक रोगी को न्यायालय का सहयोग लेकर मानसिक आरोग्य शाला भेजा जा सकता है। डॉ. शर्मा के मुताबिक डिप्रेशन मानसिक रोग का सबसे बड़ा लक्षण है। संस्था प्राचार्य ने आयोजन की सराहना की।

तहसीलदार के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा

छतरपुर, देशबन्धु। प्रभारी तहसीलदार रंजना यादव पर तहसील के अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार करने, दलाली को बढ़ावा देने तथा पूर्व विधायक के इशारे पर काम करने के गंभीर आरोप लगाकर उनके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। अधिवक्ताओं ने कलेक्टर और निर्वाचन आयोग में उनकी शिकायत करते हुए तहसीलदार को हटाने की मांग की है। अधिवक्ता लक्ष्मीकांत त्रिवेदी, कृष्णकांत मिश्रा, राजेन्द्र कुमार अहिरवार आदि ने बताया कि जब से रंजना यादव छतरपुर की प्रभारी तहसीलदार बनी हैं तब से तहसील संबंधी कार्य बिना पैसों के नहीं किए जा रहे हैं। तहसील कार्यालय में दलाली प्रथा को तहसीलदार द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाए हैं कि रंजना यादव कुछ एक पूर्व विधायक के इशारे पर काम कर रही हैं और उनके चुनाव प्रचार में संलग्न हैं। अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कलेक्टर और निर्वाचन आयोग में दो अलग-अलग आवेदन देकर रंजना यादव पर कार्यवाही करते हुए उन्हें हटाने की मांग की है।

बसपा के घोषित उम्मीदवार पर थाने में दर्ज हुआ मामला

लवकुशनगर, देशबन्धु। जिले की चंदला विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पर प्रशासनिक अमले ने आचार संहित उल्लंघन की कार्यवाही की है। बताया गया है कि बसपा प्रत्याशी डीडी अहिरवार विधानसभा क्षेत्र के बसंतपुर तिराहे पर आचार संहित लागू होने के बाद मंगलवार को आम सभा कर रहे थे। जब यह जानकरी लवकुशनगर एसडीएम को मिली तो वे एसडीओपी और पुलिस बल को लेकर मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अमले ने डीडी अहिरवार से आयोजन की अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगे लेकिन जब वे नहीं दिखा सके तो उनके विरुद्ध आचार संहित उल्लंघन की धारा 188 के तहत लवकुशनगर थाने में मामला पंजीबद्ध कराया गया है।

नौगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत के प्रसिद्ध पथरिया माता मंदिर का मामला

मंदिर समिति पर हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश जारी कर जनपद सीईओ को दिए कार्यवाई के निर्देश

- जनपद सीईओ के द्वारा कार्यवाई न करने पर भाजपा नेताओं ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- महाराजपुर से भाजपा प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह के ऊपर फर्जी तरीके से समिति का अध्यक्ष बनने का आरोप

नौगांव, देशबन्धु। जबलपुर हाईकोर्ट ने नौगांव पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत चुरवारी में स्थित आस्था के केंद्र पथरिया माता मंदिर की 24 अगस्त को फर्जी तरीके से महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी एवं अलीपुरा निवासी कामाख्या प्रताप सिंह की अध्यक्षता वाली गठित समिति पर स्थगन आदेश जारी करते हुए 16 अगस्त को गठित पुरानी समिति के क्रियान्वन करने को लेकर जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया है। 25 सितंबर 2023 को हाईकोर्ट का आदेश होने के बाद भी जनपद सीईओ के द्वारा पालन नहीं कराया गया, जिसको लेकर पंचायत के सरपंच राजेंद्र कुमार द्विवेदी सहित भाजपा के एक दर्जन से अधिक नेताओं ने जिला कलेक्टर से मामले की शिकायत की है।

अलीपुरा क्षेत्र के ग्राम चुरवारी में स्थित दूल्हा बाबा पथरिया माता मंदिर में इन दिनों हर सप्ताह लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख एवं संचालन के लिए अब तक ग्राम पंचायत के अधीन दूल्हा बाबा पथरिया माता मेला समिति चुरवारी नियुक्त थी, लेकिन पिछले दिनों एक नई समिति का गठन का मंदिर के चढ़ावे को हड़पा जा रहा है।

इस तरह के आरोप लगाते हुए कई भाजपा नेताओं ने नई समिति के माध्यम से चढ़ावे को हड़पने और अव्यवस्था फैलाने संबंधी शिकायती पत्र देते हुए कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की है। भाजपा नेता धीरेन्द्र नायक, अवनीन्द्र पटैरिया, लोकेन्द्र सिंह, हरसू महाराज आदि ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक शिकायत देते हुए बताया कि पूर्व में जो समिति काम कर रही थी वह पंचायत के अधीन व्यवस्था बनाने का काम कर रही थी लेकिन 24.08.2023 को भाजपा प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह ने एक नई समिति का गठन करा दिया जो कि अवैधानिक है। इस समिति के माध्यम से अलीपुरा अन्य समाज के युवक अवैध वसूली का काम कर रहे हैं जिससे कि धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।

ग्राम पंचायत चुरवारी के सरपंच राजेंद्र कुमार द्विवेदी ने कलेक्टर को शिकायती आवेदन पत्र देते हुए बताया कि जबलपुर हाई कोर्ट के जज विवेक अग्रवाल ने याचिका संख्या 24115 के विरुद्ध दिनांक 25 सितंबर 2023 को पारित आदेश के अनुपालन में दूल्हाबाबा पथरिया माता मेला समिति चुरवारी अलीपुरा मार्ग की मान्यता समाप्त करने तथा क्रियान्वयन रोकने शिकायती पत्र सौंपा है। सरपंच द्विवेदी ने बताया कि दूल्हाबाबा पथरिया माता ग्राम पंचायत चुरवारी की सीमा में स्थित है तथा सदैव से ग्राम पंचायत चुरवारी के निवासी पूर्ण आस्था के साथ पूजा अर्चना करते आये है।

उक्त देव स्थान पर श्रद्धालुओं की श्रद्धा बढने तथा अधिकता होने से उत्पन्न परिस्थितियो को देखते हुए व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु पंचायत के सदस्यों तथा ग्राम सभा द्वारा दिनांक 16 अगस्त 2023 को सम्पूर्ण सहमति के साथ तथा नियम पूर्वक विधिवत दूल्हाबाबा पथरिया माता मेला समिति चुरवारी अलीपुरा मार्ग का दिनांक 16 अगस्त 2023 का गठन किया गया तथा उक्त प्रस्ताव की कॉपी को डाक द्वारा संबंधित अधिकारी को प्रेषित कर दी गई थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नौगांव ने उसी नाम से 24 अगस्त 23 को दूल्हा बाबा पथरिया माता समिति चुरवारी अलीपुरा मार्ग का गठन कर दिया था।

उक्त नई समिति में अलीपुरा रियासत के युवराज एवं महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कामख्या प्रताप सिंह के अध्यक्षता वाली समिति को मान्यता दी।उक्त मान्यता प्राप्त होने के बाद पूर्व से संचालित समिति के कार्यों में हस्ताक्षेप तथा सम्पूर्ण संचालन आवैधानिक रूप से आहरित कर लिया व वैधानिक रूप से स्थापित समिति 16 अगस्त 2023 को कार्य से वृत्त कर दिया तथा मनमाने तरीके से अवैध वसूली तथा चढौना से प्राप्त धनराशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। पूर्व निर्मित समिति जो कि ग्राम पंचायत द्वारा दिनांकित 16 अगस्त 2023 को अस्तुत में होते हुए भी जनपद पंचायत सीईओ द्वारा नवीन समिति का गठन दिनांक 24 अगस्त 2023 को संस्तुति प्रदान करना नियम विरूद्ध है।

जनपद सीईओ के उक्त आदेश से क्षुब्ध होकर पीड़ित पक्ष ने जबलपुर हाईकोर्ट में रिट दायर की। जिसके बाद माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट याचिका संख्या (2.p) 24115 सन् 2023 योजित की थी जिसमें माननीय उच्च न्यायालय ने प्रश्नगत आदेश को अग्रिम आदेशो तक स्थगित कर दिया था। उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण रिट याचिका संख्या (2.p) 24115 सन 2015 के आदेश के अनुपालन में आदेश की प्रति 29 सितंबर 2023 को जनपद पंचायत सीईओ को पुरानी समिति दूल्हा बाबा पथरिया माता समिति चुरवारी अलीपुरा मार्ग दिनांक 24 अगस्त 2023 का क्रियान्वयन रोका जाये तथा दूल्हाबाबा पथरिया माता मेला समिति चुरवारी अलीपुरा मार्ग दिनांकित 16 अगस्त 2023 ग्राम पंचायत चुरवारी को कार्य करने की अनुमति प्रदान का आदेश जारी किया।

देशबन्धु

सागर, बुधवार 11 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

महिला श्रम की सराहना है गोल्डिन को नोबेल

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार मिलना एक तरह से दुनिया की आधी आबादी के नज़रंदाज़ कर दिये गये श्रम को सराहना व पुरस्कृत करना है। अमेरिका की गोल्डिन की विश्व भर में आर्थिक इतिहासकार व श्रम अर्थशास्त्री के रूप में बहुत प्रतिष्ठा है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर गोल्डिन ने पिछली लगभग दो सदियों के आंकड़ों के अध्ययन के आधार पर उन कारणों का पता किया है जिनके चलते श्रम के मामले में महिलाएं पक्षपात का शिकार बनी हैं। उन्होंने बतलाया है कि विभिन्न कारणों से महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम पारिश्रमिक मिलता है। वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व चिंताजनक रूप से अल्प है। उनका अध्ययन यह भी बतलाता है कि कमाई और रोजगार दरों में लिंग अंतर कैसे और क्यों बदलता चला गया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिया जाने वाला यह पुरस्कार अब तक 92 अर्थशास्त्रियों को मिला है। गोल्डिन के पहले तक केवल दो महिलाएं ही यह पुरस्कार पा सकी हैं।

प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस ने उनके बारे में कहा है कि- 'आर्थिक इतिहासकार और श्रम अर्थशास्त्री के रूप में गोल्डिन के शोध में महिला श्रम शक्ति, कमाई में जेंडर गैप, तकनीकी परिवर्तन, शिक्षा और आव्रजन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। उनके अधिकांश शोध अतीत के दृष्टिकोण से वर्तमान की व्याख्या करते हैं और चिंता के वर्तमान मुद्दों की उत्पत्ति की पड़ताल करते हैं। उनकी सबसे हालिया पुस्तक 'कैरियर एंड फैमिली- महिलाओं की शताब्दी' समानता की ओर लंबी यात्रा है।' नोबेल समिति ने पुरस्कार की घोषणा के दौरान कहा कि- 'गोल्डिन ने अपने शोध से सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार के परिणामों का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया है। उनके शोध से नए पैटर्न का पता चलता है, परिवर्तन के कारणों की पहचान होती है और जेंडर गैप के बारे में भी जानकारी मिलती है।'

बेशक, गोल्डिन महिला श्रम के बारे में 200 वर्षों के डेटा के आधार पर जो सच्चाइयां अपने निष्कर्षों के रूप में सामने लाई हैं, वे और भी कई सदियां पुरानी हैं और आज भी नंगी आंखों से देखकर ही यकीन करने के काबिल हैं। आधुनिकता और समानता पर आधारित लोकतांत्रिक प्रणाली ज्यादातर देशों में चलन में आ जाने के बावजूद आज भी यह एक ठोस वास्तविकता है कि महिलाएं श्रम और मेहनताने दोनों ही मामलों में भारी भेदभाव की शिकार हैं। प्रकारांतर से चाहे अविकसित देश हों या विकासशील या विकसित, तीनों ही तरह की परिस्थितियां किसी न किसी तरीके से उन्हें उनके हक का पारिश्रमिक लेने से वंचित करती हैं। जब वे काम करती हैं तो इस भेदभाव का शिकार तो होती ही हैं, काम न मिलने या छूट जाने जैसी स्थितियों में भी उनके हिस्से में पुरुषों के मुकाबले अधिक दुश्वारियां आती हैं। काम देते वक्त वे नियोक्ता की आखिरी पसंद होती हैं तो काम के दौरान वेतन, भत्ते, छुट्टी के मामलों में उनके साथ गैरबराबरी पूर्ण व्यवहार होता है। इतना ही नहीं, काम से हटाने या छंटनी के समय वे पहली पसंद बन जाती हैं।

भारत सहित तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों- एशिया, अफ्रीका एवं लातिनी अमेरिका में गोल्डिन के निष्कर्ष बहुत मुखर और स्पष्ट होकर सामने आते हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की बेरोजगारी दर कहीं अधिक है। उन्हें पहले से ही अर्द्ध कुशल या अकुशल मानकर उन्हें समान काम के लिये भी कम वेतन दिया जाता है। भारत सहित जहां भी पितृसत्तात्मक व सामंती सामाजिक व्यवस्था है, वहां कामकाजी महिलाएं उपहास व आलोचना की पात्र बनकर रह जाती हैं। बड़ी संख्या में पढ़ी-लिखी महिलाओं का जीवन घरू काम करते हुए गुजर जाता है। पहले से ही माना जाता है कि उनके जीवन की सार्थकता ब्याह के बाद पति व ससुराल वालों की सेवा-टहल और बच्चों की परवरिश करने में हैं। यह किसी एक धर्म की बात नहीं है। अधिकतर सम्प्रदायों व समुदायों की महिलाओं के बाबत यही यथार्थ है। बड़ी संख्या में लोगों की यह भी मान्यता है कि महिलाएं मौज-मस्ती या अपने फैशन के खर्चे पूरे करने के लिये काम करने घरों से निकलती हैं।

हाल ही में भारत के सन्दर्भ में ये आंकड़े सामने आये थे कि 2018-19 से 2022-23 के बीच जितने लोगों ने नियमित नौकरियां खोईं, उनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने पक्की नौकरियां खोई हैं। इनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। इनमें 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। कामकाजी महिलाओं का औसत बेहद चिंतनीय है और उनके सशक्तिकरण के ठोस उपाय करने में ज्यादातर अविकसित व विकासशील देशों की कोई भी अर्थप्रणाली नाकाम साबित हुई है। पश्चिमी देशों में स्थिति फिर भी काफी ठीक है लेकिन वैश्विक जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तीसरी दुनिया में बसता है, महिलाओं के सन्दर्भ में गोल्डिन के शोध बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जब तक आधी आबादी के लिये आर्थिक दृष्टिकोण से समानतापूर्ण वातावरण नहीं बनाया जाता, विकास का लक्ष्य पहुंच से बाहर ही रहेगा। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के प्रेसिडेंट जैकब स्वेन्सन ने सच ही कहा है कि- 'श्रम बाजार में महिलाओं की भूमिका को समझना समाज के लिए महत्वपूर्ण है। गोल्डिन के शोध से वे बाधाओं को दूर हो सकेंगी जिनका आज महिलाएं सामना कर रही हैं।' गोल्डिन को नोबेल देना विकास में भागीदारी निभाती महिलाओं को पुरस्कृत करने जैसा है।

5 सूबों की सरकारें बनने-बिगड़ने से बढ़कर हैं ये चुनाव

जिन पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों का ऐलान सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयोग ने देश की राजधानी में किया, उसका महत्व केवल राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सरकारों के बनने-बिगड़ने तक सीमित न रहकर उससे कहीं बहुत आगे का है। इन चुनावों में केवल यह देखने को नहीं रह गया है कि क्या राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपनी सरकारें बचाए रखने में कामयाब होती है या उन पर भारतीय जनता पार्टी काबिज होती है? यह भी देखने की बात नहीं है कि क्या मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार का विसर्जन होता है या वहां कांग्रेस का कब्जा होता है? तेलंगाना का चुनाव भी दिलचस्प होगा परन्तु उसे लेकर केवल इतनी सी उत्सुकता नहीं है कि क्या वहां क्षेत्रीय दल भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) दो-दो राष्ट्रीय पार्टियों से अपनी सरकार को बचा पाती है या नहीं? अगर ऐसा नहीं होता तो देखना यह भी होगा कि इस दक्षिण भारतीय राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है या भाजपा जीत सकेगी? उत्तर पूर्व के एक छोटे से राज्य मिजोरम में भी इसी समय चुनाव हो रहा है। वहां भी देखना होगा कि सत्तारुढ़ मिजोरम नेशनल फ्रंट की सरकार में वापसी होती है या नहीं? या फिर कोई नये समीकरण बनते हैं।

ये चुनाव ऐसे समय पर हो रहे हैं जब देश का सबसे बड़ा राजनैतिक दल कही जाने वाली भारतीय जनता पार्टी अनेक तरह की परेशानियों से गुजर रही है और उसे चुनौती देने वाली देश की सबसे पुरानी पार्टी यानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जिसका देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सबसे अहम योगदान था और उसे ही भारत को आजाद कराने का श्रेय दिया जाता है, लगातार मजबूत हो रही है। वह न सिर्फ खुद में ताकतवर हो रही है वरन अपने साथ समग्र प्रतिपक्ष को भी सशक्त कर रही है। उसके साथ और उसी के नेतृत्व में पिछले दिनों बने 28 दलों के विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के समक्ष चुनौती के साथ-साथ ऐसा विकल्प भी पेश कर दिया है जो भरोसेमंद हो सकता है।

तीन-चार मानकों पर देखें तो भाजपा और कांग्रेस के बीच का अंतर साफ दिखता है जो इन चुनावों में सारा फर्क पैदा करने जा रहा है। पहला तो है दोनों दलों के प्रमुख नेताओं की छवि का मामला। भाजपा कुल जमा एक ही चेहरे पर पिछले 10 वर्षों से सब कुछ कर रही है-पार्टी चलाने से लेकर सरकार चलाने तक। 2013-14 में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के तत्काल बाद से ही सम्पूर्ण भाजपा मोदी में विलीन हो चुकी है। भाजपा के पहले कार्यकाल में तो फिर भी भाजपा के कुछ अन्य वरिष्ठ नेता चलते-फिरते दिखाई पड़ते थे, लेकिन अपनी छवि को वास्तविकता से बढ़कर मजबूत व लोकप्रिय बनाने के चक्कर में भाजपा के प्रचार तंत्र ने बाकी सभी नेताओं, पदाधिकारियों, मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों का अस्तित्व ही मिटाकर रख दिया। अब भाजपा इस कदर मोदी पर आश्रित हो गई है कि उनकी स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता पर ही पूरे चुनावी नतीजे टिके रहते हैं। भाजपा द्वारा खुद को मोदी केन्द्रित कर देने का अंजाम उसके सामने है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, वहां मोदी के अलावा कोई दूसरा चेहरा नहीं है और जाहिर है कि स्थानीय चेहरा न होने से राज्य इकाइयों को चुनाव लड़ने में दिक्कत आ रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में उसके पूर्व मुख्यमंत्री क्रमशः वसुंधरा राजे सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान तथा डॉ. रमन सिंह तीनों ही हाशिये पर हैं और इन राज्यों के चुनाव उनके चेहरों पर तो नहीं ही लड़े जा रहे हैं- किसी और चेहरे को शीर्ष कमान की न तो मान्यता है और न ही जन स्वीकार्यता।

दूसरे, हाल के वर्षों में मोदी की छवि में बड़ी गिरावट दर्ज हुई है, खासकर उनकी विभिन्न योजनाओं की असफलताएं, कोरोना कुप्रबंधन, अदानी के साथ उनके रिश्तों का उजागर होना, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण, अनैतिक तरीकों से विपक्षी सरकारें गिराना, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना, आर्थिक बदहाली व बढ़ती गैरबराबरी, विफल विदेश नीति, बढ़ती साम्प्रदायिकता, मणिपुर, नूंह जैसी घटनाएं, सरकार विरोधियों को जेलों में डालने जैसे कदमों ने उन्हें एक निरंकुश व क्रूर शासक के रूप में स्थापित किया है। इसके विपरीत उन्हें टक्कर देने वाले राहुल गांधी की छवि में बड़ा सुधार आया है। करोड़ों रुपये खर्च कर भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं, आईटी सेल व सोशल मीडिया पर सक्रिय ट्रोल आर्मी ने राहुल, गांधी परिवार, कांग्रेस तथा सम्पूर्ण विपक्ष के खिलाफ जो कलुषित अभियान छेड़ा था, वह अब ध्वस्त हो गया है। राहुल द्वारा पिछले सितम्बर में कन्याकुमारी से कश्मीर की जो भारत जोड़ो यात्रा निकाली, उसने उन्हें एक संजीदा, समझदार एवं परिश्रमी नेता के रूप में स्थापित किया है जो चीजों को समझते हैं और समाधान जानते हैं। उनकी बातों को लोगों ने सच होता हुआ पाया है।

तीसरा बड़ा अंतर जो लोग देख रहे हैं वह है भाजपा के पास मुद्दों की टंचाई। उसका सामाजिक ध्रुवीकरण का फार्मूला कर्नाटक चुनाव में असफल हो गया और अब उसका कोई लेवाल नहीं है। साम्प्रदायिकता से होने वाले नुकसान का आभास जनता को हो चुका है इसलिये उसके विपरीत कांग्रेस एवं विपक्षी गठबन्धन द्वारा उठाये जा रहे जमीनी मुद्दे लोगों को अधिक आकर्षित करने लग गये हैं। उसके द्वारा उठाया गया जातिगत जनगणना और पिछड़े व अति पिछड़े लोगों के लिये आरक्षण का मुद्दा भाजपा को बेचैन कर रहा है। सोमवार को सम्पन्न कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में हुई इस घोषणा का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है, जिसमें उसने कहा है कि अगर इन राज्यों के चुनाव वह जीतती है तो जातिगत जनगणना कराई जायेगी तथा जिसकी जितनी आबादी है उसकी उतनी हिस्सेदारी होगी। भाजपा इसके खिलाफ बोल पाने में भी असमर्थ है क्योंकि इसका अगर वह विरोध करेगी तो एक बड़ा वोट बैंक उससे छिटक सकता है।

इन राज्यों के नतीजे जो भी हों, अगर वे यहीं तक सीमित होकर रह जाते तो सम्भवतः भाजपा की परेशानी इतनी बड़ी न होती। मुश्किल यह है कि लोकसभा के चुनाव बामुश्किल 6 माह के भीतर ही हो जायेंगे। यानी इन परिणामों की प्रतिध्वनि वहां तक गूंजती रहेगी। इन नतीजों का ही असर और विमर्श बेशक आगे बढ़ेगा। लोकसभा का अगले साल होने वाला चुनाव सम्भवतः इन्हीं मुद्दों के ईर्द-गिर्द लड़ा जायेगा। भाजपा के पास ध्रुवीकरण के अलावा कोई मुद्दा ही नहीं है और लोग इस बात का पहले से ही अनुमान लगाए बैठे हैं कि मोदी एवं भाजपा कोई ऐसा मसला ज़रूर खड़ा करेंगे जिससे उनकी नैया पार लग सके। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक तो कह ही चुके हैं कि- 'मोदी चुनाव जीतने के लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं। वे 2024 के चुनाव के पहले पुलवामा जैसा कांड या राममंदिर पर हमला भी करा सकते हैं।' दूसरी ओर कांग्रेस व इंडिया अब बेहद सतर्क हैं और धार्मिक या भावनात्मक मुद्दों की भाजपायी पिच पर उतरने के लिये तैयार ही नहीं है। अब तो परिस्थिति इस कदर विपरीत है कि कांग्रेस-इंडिया के उठाये मुद्दों पर भाजपा बोलने पर भी फंस रही है और मौन रहे तो और भी फंसती जाती है। ये चुनाव केवल पांच सरकारें बनाएंगे या गिराएंगे नहीं, वरन लोकसभा-2024 का रास्ता और विमर्श दोनों का ही निर्धारण करेंगे।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

डॉ. दीपक पाचपोर

> इन राज्यों के नतीजे जो भी हों, अगर वे यहीं तक सीमित होकर रह जाते तो सम्भवतः भाजपा की परेशानी इतनी बड़ी न होती। मुश्किल यह है कि लोकसभा के चुनाव बामुश्किल 6 माह के भीतर ही हो जायेंगे। यानी इन परिणामों की प्रतिध्वनि वहां तक गूंजती रहेगी। इन नतीजों का ही असर और विमर्श बेशक आगे बढ़ेगा। लोकसभा का अगले साल होने वाला चुनाव सम्भवतः इन्हीं मुद्दों के ईर्द-गिर्द लड़ा जायेगा।

जाति जनगणना इंडिया का भाजपा के खिलाफ मुख्य हथियार

■ **कल्याणी शंकर**

क्या भारत को जाति जनगणना की आवश्यकता है? यदि इसे राष्ट्रीय स्तर पर कराया जाता है, तो यह क्या परिणाम लायेगा- सकारात्मक या नकारात्मक? इस मुद्दे पर बहस छिड़ी हुई है। संभावित लाभ या कमियों पर अलग-अलग राय के कारण यह मुद्दा विवादास्पद है।

राय अलग-अलग हैं, कुछ इसकी दीर्घकालिक उपस्थिति को स्वीकार करते हैं और अन्य प्रतिकूल परिणामों के लिए चिंता व्यक्त करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में, राजनीतिक दल हाशिए पर रहने वाले समुदायों के साथ संबंध स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप जाति जनगणना की मांग बढ़ गई है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराकर मौजूदा बहस को और भड़का दिया है। उन्होंने 2 अक्टूबर को नतीजे जारी किये और खुद को हाशिए पर मौजूद समुदायों के चैंपियन के तौर पर पेश किया।

जनगणना रिपोर्ट से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई 50फीसदी आरक्षण सीमा को हटाने की राजनीतिक मांग उठ सकती है। अपनी हालिया मुंबई बैठक में, नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी जाति जनगणना का अनुरोध किया। महाराष्ट्र, ओडिशा और झारखंड जाति जनगणना कराने पर सहमत हो गये हैं, जबकि बंगाल ने अभी तक फैसला नहीं किया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने भी वायदा किया है।

> जाति जनगणना के विषय पर अलग-अलग राय सामने आती है। इसमें चुनावों और समुदायों पर इसके प्रभाव जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। 1931 से अधिक विश्वसनीय डेटा की आवश्यकता को देखते हुए, इसे अभी भी पूरा करने की आवश्यकता है। कुछ लोग जाति जनगणना के पक्ष में तर्क देते हैं, लेकिन यह अंधेरे में आंख मारने की कोशिश करने जैसा है।

जाति जनगणना के विषय पर अलग-अलग राय सामने आती है। इसमें चुनावों और समुदायों पर इसके प्रभाव जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। 1931 से अधिक विश्वसनीय डेटा की आवश्यकता को देखते हुए, इसे अभी भी पूरा करने की आवश्यकता है। कुछ लोग जाति जनगणना के पक्ष में तर्क देते हैं, लेकिन यह अंधेरे में आंख मारने की कोशिश करने जैसा है।

1931 से पहले, दशकीय जनगणना में जाति पर डेटा शामिल था। हालांकि, 1941 को द्वितीय विश्व युद्ध के कारण छोड़ दिया गया था। 1951 से 2011 तक, भारत की सभी स्वतंत्र जनगणनाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बारे में जानकारी थी, लेकिन अन्य जातियों के बारे में नहीं।

भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान जाति पर आंकड़ा एकत्र किये गये थे जिनका उद्देश्य प्रशासनिक और जनसांख्यिकीयथा। आजादी के बाद नेहरू सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं थी। कांग्रेस की लगातार सरकारों ने दशकों तक जाति जनगणना का विरोध किया। जनता सरकार के दौरान 1979 में मंडल आयोग की स्थापना की गई। एक दशक बाद जनता दल के प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने मंडल आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए 27ओबीसी आरक्षण लागू किया। 2001 की जनगणना में जाति को एक श्रेणी के रूप में जोड़ने पर विचार किया गया, लेकिन व्यावहारिक मुद्दों और चिंताओं ने इसे लागू होने से रोक दिया।

हालांकि, 2010 में मनमोहन सिंह सरकार ने आर्थिक कारकों के आधार पर एक सर्वे कराया था। महामारी के कारण 2021 की जनगणना स्थगित कर दी गई और अभी तक नहीं की गई है। आज कांग्रेस के रुख में बदलाव दिख रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए 'जितनी आबादी, उतना हक़' वाक्यांश का इस्तेमाल किया। 2011 में, सोशियोइकानॉमिक एंड कास्टसेंसस (एस.ई.सी.सी.) में जाति के बारे में जानकारी शामिल थी, लेकिन मुख्य ध्यान जीवन स्तर और वित्तीय स्थिति पर था।

मोदी सरकार ने 2015 में एसईसीसी का वित्तीय आंकड़ा जारी किया, लेकिन जाति उसमें जाति जनगणना को शामिल नहीं किया गया था।

जाति को परिभाषित करना एक जटिल मुद्दा है। जाति जनगणना को भेदभावपूर्ण माना जाता है और उन लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है जो सभी के लिए समान अधिकार और अवसर चाहते हैं। भाजपा ने जाति जनगणना पर अब तक कोई आधिकारिक रुख नहीं अपनाया गया है। यह मांग सबसे पहले राजद जैसे क्षेत्रीय दलों ने उठाई थी और अब जे.डी. (यू) और फिर अधिकांश अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित है। भाजपा के अधिसंख्य नेता मानते हैं कि जाति जनगणना कराने से राजनीतिक और तार्किक चुनौतियों के कारण अधिक एकजुट समाज के निर्माण में बाधा आ सकती है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत की स्वतंत्रता के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए संविधान सभा की बैठक दिसंबर 1946 और नवंबर 1949 के बीच हुई थी। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे दिग्गज महत्वपूर्ण व्यक्ति थे जिन्होंने सरकारी संरचना, नागरिकों के अधिकार और मौलिक सिद्धांतों जैसे विषयों पर चर्चा का नेतृत्व किया। नये गणतंत्र के संविधान को आकार देने में उनका योगदान महत्वपूर्ण था।

पिछले सामाजिक अन्यायों को दूर करने के लिए संविधान द्वारा सकारात्मक कार्रवाई की अनुमति दी गई है। हालांकि, जाति जनगणना जैसे विशिष्ट आंकड़ा एकत्र करने के बारे में पर्याप्त चर्चा नहीं हुई होगी।

जाति जनगणना कराने के पक्ष और विपक्ष दोनों में वैध तर्क हैं। अंततः, जनगणना कराने का निर्णय काफी हद तक राजनीतिक कारकों, जनता की भावना और सत्तारूढ़ पार्टी की प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। सरकार के कार्य जनता की मांगों और जागरूकता के स्तर से भी प्रभावित हो सकते हैं।

फिलहाल, हमें जाति जनगणना के महत्व को स्वीकार करने के लिए अधिक अनुकूल वातावरण की आवश्यकता है। भाजपा नेताओं का तर्क है कि महात्मा गांधी और राम मनोहर लोहिया समेत कई नेताओं ने माना है कि जातिगत भेदभाव समाज को कमजोर करता है।

भाजपा नेता जाति जनगणना का समर्थन करने में संकोच करते हैं, हालांकि उनके पास लोकसभा में बहुमत है। लेकिन जाति-आधारित पार्टियां अपने समर्थकों को खुश करने के लिए इसकी वकालत करती हैं, जिससे भाजपा के लिए दुविधा पैदा हो जाती है। कुछ राजनीतिक दलों ने जाति के मुद्दों को संबोधित करके प्रभाव प्राप्त किया है। कई विशिष्ट समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता चाहते हैं। कांग्रेस, डी.एम.के., और जे.डी. (यू) जाति जनगणना का समर्थन करते हैं, जो बिहार पहले ही आयोजित कर चुका है। अन्य राज्य भी जाति जनगणना करवा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना की मांग ने एक कांटेदार राजनीतिक चुनौती खड़ी कर दी है। दुविधा यह है कि इस कदम से इंडिया गठबंधन की पार्टियों को फायदा हो सकता है, चाहे केंद्र कुछ भी करे। लोकसभा चुनाव से छह महीने पहले भाजपा वाकई दुविधा में है। देखने वाली बात यह होगी कि आखिर मोदी सरकार इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

आज जयंती

जयप्रकाश देश व जनता की नब्ज पहचानते थे

स्व. जयप्रकाश का व्यक्तित्व एक ऐसा व्यक्तित्व रहा जिसमे विभूति के अनेक परिमाण विद्यमान थे। अद्भुत रम्यता के कारण उनके व्यक्तित्व में इन्द्रधनुष की सी मोहक विविधता थी। उनका व्यक्तित्व जितना विवादास्पद था उतना ही मनोरम था। सच तो यह है कि जे.पी. ने सत्ता की राजनीति के संकुचित दायरे से निकल कर लोकनीति के क्षितिज व्यापी क्षेत्र में पदार्पण किया था। इसमें संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति पद की गरिमा व परिधि और वर्तुल बहुत बड़े होते हैं, परन्तु निरूपाधिक नागरिकता का क्षेत्र तो असीम होता है। इस क्षेत्र से जे.पी. क्या जुड़े, मानों सम्पूर्ण क्रांति का स्वप्न साकार करने के लिए ही उन्होंने देश की युवा पीढ़ी से एक ऐसे अहिंसक संघर्ष का आह्वान किया जिसके मूल में सम्पूर्ण क्रांति की धुन थी। स्व. जयप्रकाश बाबू की नजर प्रायः सुदूर क्षितिज पर वर्तमान की निराशा के पार भविष्य पर टिकी रहती थी। यही कारण था कि वे विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े रहे। उन्होंने जीवन भर समग्र क्रांति की साधना से ही जनजीवन का दोहन किया। वे प्रायः इस बात पर जोर देते रहे कि सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में आमूल परिवर्तन लोगों के अपने अभिक्रम और परिवर्तन से ही संभव है। जब जे पी. किसी आंदोलन की बात करते थे तो यह लगता था कि वे परिवर्तन के ठोस इरादों से भरे हुए हैं। वे नैतिकता व मूल्यों की ऊंचाई तक यूं ही खाली नहीं पहुंचे थे, चूंकि उनके लक्ष्य अपने आप में एक प्रतिमान थे। एक बार निश्चय कर लेने के बाद वे दृढ़ता से टिके रहते थे। ऐसे उदाहरण कम ही मिलते है, लेकिन वे जड़ दुराग्रही नहीं थे, इसलिए उनके बारे में लोगों को कई बार गलतफहमियां भी हो जाती थीं।

एक समग्र दृष्टि से देखने पर जेपी के चिंतन की ध्वनि में और उनके बुनियादी रूख में गांधीवाद का ही रंग चढ़ा हुआ था। वैसे विचारधारा की दृष्टि से जेपी ने सर्वोदय से लेकर सम्पूर्ण क्रांति की मंजिल तय की। लेकिन तीसरे दशक के जयप्रकाश ने आगे चलकर गांधी द्वारा शुरू की गई सार्वजनिक जीवन की परम्पराओं को जारी रखा। हालांकि गांधीजी की तुलना में जयप्रकाश ने गांधी के कार्यक्रमों को अमली रूप देते वक्त देश व भारतीय समाज की चिंता को सामने रख कर प्रयोग किये थे। वे प्रायः ऐसी विचारधाराओं की खोज में रहते थे जो उनकी आवश्यकताओं को पूरी कर सके। ताकि गांधी विचारधारा का विकास हो सके और देश का मानव तंत्र सत्य, अहिंसा के आधार पर दूषित संस्कृति को बदलकर सामाजिक व्यूह रचना में लग सके। किसी भी विषय में तथ्यों की खोज की एक अदम्य आकांक्षा उनमें सदैव बनी रहती थी। यही कारण था कि कोई मत, वाद संस्था अथवा संगठन व सम्प्रदाय उनके जीवन व व्यक्तित्व को अपनी सीमा में कैद नहीं कर सके। शायद इसीलिए उनका व्यक्तित्व किसी भी विचारधारा में न तो सीमित हुआ और न ही परिमित।

जयप्रकाश नारायण स्वतंत्रता को लोकतंत्र में सबसे ऊंचा स्थान देते थे। वे आजादी को ही मनुष्य के लिए उसका आदर्श मानते थे। एक स्वतंत्रचेता भारतीय होने के नाते जे.पी. का संपूर्ण क्रांति का दर्शन एक तत्कालीन आवश्यकता न होकर राजनीतिक विचारधारा में परिवर्तन का दिशा संकेत था। यही वजह थी कि जे.पी. देश व जनता की नब्ज को बखूबी पहचानते थे। जे.पी. के विचारों की गंभीरता को समझने हेतु स्वतंत्रता व लोकतंत्र के बाद समग्र क्रांति का दर्शन समझना जरूरी है। यह उनके अंतर मन का परिणाम था जो वे साल के दशक में ही वे महसूस करने लग थे। समग्र क्रांति के जरिये थे भारत के राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक ढांचे में बुनियादी परिवर्तन लाने के हामी थे। राजनीतिक क्षेत्र में लोकतंत्र, आर्थिक क्षेत्र में समाजवाद व सामाजिक क्षेत्र में समानता के ये प्रबल पक्षधर थे। जे.पी. हालांकि पश्चिमी विचारधारा मार्क्सवाद से अवश्य ही प्रभावित थे, किंतु उनका मार्क्स एवं अन्य साम्यवादी विचारधाराओं से विरोध भी था, जिसमें शोषणहीन समाज की स्थापना हथियार बंद क्रांति से जुड़ी थी। जे.पी. हिंसा के हर स्तर के विरोधी थे। स्व. जयप्रकाश नारायण के क्रांति शब्द की व्याख्या आने वाली पीढ़ी शब्द कोषों और पुस्तकों की मदद से कर भी पायेगी या नहीं लेकिन जिन लोगों ने जे.पी. को बहुत करीब से देखा है, उन्होंने यही कहा है कि महात्मा गांधी की सबसे बड़ी उपलब्धि थी भारतीय आत्मा से समझौता और सत्ता से अलग लोकनायक का जीवन गांधी ने जहां इतिहास को ठहराव दिया था, वहीं से जयप्रकाश नारायण ने शुरूआत की थी। दोनों के जीवन में सबसे बड़ी समानता भी यही थी कि झूठ से संधि न की जाये अपनी बात निर्भयता से कह दी जाए तथा सत्ता से व्यवस्था को श्रेष्ठ और अलग माना जाये। राष्ट्रपिता को देश ने जो सम्मान व गौरव दिया, वहीं गौरव तथा सम्मान वर्षों बाद सत्ता से अलग व बाहर रहकर यदि किसी को मिला तो वह लोकनायक जय प्रकाश नारायण को ही मिला।

आज जे.पी. हमारे बीच नहीं हैं, उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण परम्पराएं.. आदर्श व मूल्य उनके साथ ही समाप्त हो गये हैं। जो बात जयप्रकाश जी में थी, वह आज नेताओं में देखने को नहीं मिलती।

चेतन चौहान-सुमन सागर

आपके पत्र

असहमति और विरोध की परिणति हिंसा या युद्ध नहीं

किसी विचार या मुद्दों से असहमत होने का मतलब हिंसा प्रतिफल के रूप में नहीं हो सकती है। विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा-ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 2000 लोगों की जान चली गई और 5000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है।

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमा चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है वहीं दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्वहीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्गविहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है।

संजीव ठाकुर

विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद मध्य प्रदेश में आचार संहिता लागू

राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारियों को लेकर कसी कमर

भोपाल, एजेंसियां। देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही मध्य प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होने के बाद तीन दिसंबर को चुनाव नतीजों के ऐलान के साथ नई सरकार को लेकर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश समेत पांच राज्यों- छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दलों से लेकर प्रशासनिक मशीनरी ने भी चुनाव की तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा अब तक कुल 79 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने इन सीटों में से कुछ पर अपने दल के दिग्गज नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में उतार कर सबको चौंका दिया है। ये सभी वे सीटें हैं, जिन पर पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं कांग्रेस की अब तक कोई सूची सार्वजनिक नहीं हुई है।

इस संबंध में भाजपा के प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश को बीमारु से विकसित तक का सफर तय कराया है। पार्टी ढेर सारी योजनाओं के साथ ही जन आशीर्वाद की कामना के साथ जनता के बीच गई थी, जबकि कांग्रेस जन आक्रोश के साथ जनता के बीच गई। आने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को जनता का पूरा आशीर्वाद मिलने की उम्मीद है। वहीं कांग्रेस के प्रवक्ता के के मिश्रा ने कहा कि आचार संहिता लगने के बाद पूरा विश्वास है कि मध्य प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान का सम्मान कायम रहेगा। अपेक्षा है कि लोकतंत्र को मजबूत करने वाले सभी स्तंभ आचार संहिता की भावना के अनुरूप ईमानदारी से काम करेंगे। जहां तक कांग्रेस की सूची की बात है तो वो नवरात्रि में सामने आ जाएगी। राज्य में कुल 230 विधानसभा सीटें हैं। वर्तमान में इनमें से 127 पर भारतीय जनता पार्टी, 96 पर कांग्रेस, दो पर बहुजन समाज पार्टी, एक पर समाजवादी पार्टी और चार पर निर्दलीय विधायकों का कब्जा है।

मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए होगा चुनाव

प्रदेश में आम तौर पर चुनाव परिणाम दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस पर ही आधारित होते हैं, लेकिन इस बार बसपा, सपा और निर्दलीयों के साथ ही आम आदमी पार्टी पर भी सबकी नजरें बनी हुई हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या पांच करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 हैं, जिसमें पुरुष मतदाता दो करोड़ 88 लाख 25 हजार 607, महिला मतदाता दो करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 और थर्ड जेंडर एक हजार 373 हैं। सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 75 हजार 304 हैं। इस प्रकार प्रदेश में कुल मतदाता पांच करोड़ 61 लाख 36 हजार 229 दर्ज हुए हैं। राज्य में सबसे कम मतदाता 42 बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के सोनेवानी (वनग्राम) मतदान केंद्र में हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक वोटर टर्न आउट 89.13 प्रतिशत रतलाम जिले के सैलाना विधानसभा क्षेत्र में और सबसे कम 52.84 प्रतिशत अलीराजपुर के जोबट में रहा। सिवनी के लखनादौन विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान केंद्र 407 और सबसे कम 193 इंदौर के इंदौर-3 विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए हैं।

चुनाव की तारीखों की घोषणा पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-

जनता देगी भाजपा को आशीर्वाद

भारतीय जनता पार्टी
मध्यप्रदेश

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इस बार भी चुनाव में जनता भाजपा को ही आशीर्वाद देगी। उन्होंने प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद यह कहा। भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि विकास और गरीब कल्याण के जो काम हमारी सरकारों ने किए हैं, उसके आधार पर प्रदेश की जनता हमें आशीर्वाद देगी और अब तक की सर्वाधिक सीटें जीतकर भाजपा इतिहास रचेगी। श्री शर्मा ने निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वाले तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पहल को अभिनव और अनुकरणीय बताते हुए आयोग के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की डबल इंजन वाली सरकार लोगों का जीवन बदलने का काम कर रही हैं। हमारे कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं, जो प्रत्येक बूथ पर सजग प्रहरी की तरह तैनात हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आयुष्मान भारत, उज्जवला और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीबों का जीवन बदलने का काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश को लगातार विकास की सौगातें दे रहे हैं और इनके चलते वे प्रदेश की जनता के मन में बस गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि अब भाजपा की सरकार प्रदेश को स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों को रोजगार के अवसर दे रही है। श्री शर्मा ने कहा कि जनता को इस बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

सरकार की घोषणाओं पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, पूछा-

कौन-कौन सी घोषणाएं पूरी हुईं

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा सरकार की घोषणाओं पर कांग्रेस पार्टी ने सवाल उठाए हैं, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक और प्रदेश मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने भाजपा से सवाल पूछा है कि 25 हजार से अधिक घोषणाओं में कौन-कौन सी घोषणाएं पूरी हुई? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पूर्व के 16 वर्षीय कार्यकाल में 22 हजार घोषणाएं की, 2020 में एक खरीदी हुई सरकार के मुखिया होने के बाद 3 जुलाई 2023 तक 2715 घोषणाएं की जो आचार संहिता लगने के वक्त तक जारी थी!

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में इन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए कि इन घोषणाओं में कितनी घोषणाएं जमीन पर दिखाई दीं और यदि नहीं दिखाई दे रही हैं तो क्या यह एक घोषणावीर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की जागरुक जनता के साथ किया गया राजनैतिक धोखा और अक्षम्य अपराध नहीं है?

डॉ रागिनी ने मप्र सहित अन्य 4 राज्यों में लागू बहुप्रतिक्षित आदर्श आचार संहिता का स्वागत किया है, इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि लोकतंत्र के सभी महत्वपूर्ण स्तंभ अपनी पूर्ण ईमानदारी और निष्पक्षता से आदर्श आचार संहिता का पालन कर प्रदेष में एक संवैधानिक और लोकतांत्रिक सरकार के निर्माण में सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लागू होने के बाद प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, अत्याचार, अनाचार और भय का वातावरण समाप्त होगा।

निशा की गिरफ्तारी की निंदा

छतरपुर की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे की गिरफ्तारी की कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी ने निंदा करते हुए इसे सरकारी की तानाशाही बताया। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी डिप्टी कलेक्टर को केवल अपना त्याग पत्र देने के लिए पुलिस के डंडे खाने पड़ रहे हैं, उनके कपड़े फाड़ दिए गए और बाबा साहब की तस्वीर को भी फाड़ दिया। उन्होंने कहा कि ये सरकार तानाशाही की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। डॉ. रागिनी ने कहा कि 18 साल में प्रदेश में संविधान को लगातार तार-तार कर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा-

कड़वे साबित होंगे कांग्रेस के झूठ के पकवान

भोपाल, देशबन्धु। केन्द्रीय मंत्री और चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव ने कहा कि आने वाले 5 राज्यों के चुनाव में जनता और ओबीसी समाज का समर्थन भाजपा को मिलेगा और जनता के इस समर्थन से कांग्रेस की झूठ की दुकान और झूठ के पकवान कड़वे साबित होंगे। केन्द्रीय मंत्री जातिगत जनगणना के बारे में कांग्रेस के बयान को झूठा बता रहे थे। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि जनगणना का कार्य केंद्र सरकार का है। जनगणना से राज्य सरकारों का कोई लेना देना नहीं है। यह हकीकत उन दलों और नेताओं को भी पता है जो जातिगत जनगणना को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति से वह बाज नहीं आ रही है। कांग्रेस का रिकॉर्ड खराब है, उसकी गारंटी झूठी है और सपने हकीकत से दूर हैं। यह बात केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर विश्वास रखती है। वह समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बीते 9 सालों में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए काम किया है। समाज के सभी वर्ग आज जिस तरह से आगे बढ़ रहे हैं, विकास कर रहे हैं, उसे देखकर कांग्रेस तिलमिला गई है। यही कांग्रेस जो पहले कहा करती थी कि हमारे सौ रुपये में से 85 रुपये दलालों की जेब में चले जाते हैं, वो आज यह देखकर घबरा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में आधार, मोबाइल और जनधन की बदौलत पूरे सौ रुपये गरीबों के पास पहुंच रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि देश का ओबीसी समाज यह जानता है कि प्रधानमंत्री सबके हैं और सबके साथ न्याय करते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि राहुल गांधी झूठ की राजनीति बंद करिए, झूठे सपने देखना बंद करिए और देश की हकीकत को पहचानिए, आज ओबीसी समाज भाजपा के साथ खड़ा है।

इमारत में लिफ्ट में फंसा प्लंबर, मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिमी दिल्ली में एक आवासीय इमारत में लिफ्ट में फंसने से एक प्लंबर की मौत हो गई। पुलिस नियंत्रण कक्ष को नारायणा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के लिफ्ट में फंसने की सूचना मिली, जिसके बाद एक पुलिस दल भेजा गया। पुलिस ने स्थानीय तकनीशियन की मदद से लिफ्ट खोली और घायल को अस्पताल ले जाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उसे मृत घोषित कर दिया गया।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह आज से, विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे

भोपाल, देशबन्धु। विश्व डाक दिवस पर राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 10 अक्टूबर से लेकर 13 अक्टूबर तक आयोजित इस सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी मध्यप्रदेश डाक विभाग परिमण्डल के निदेशक पवन कुमार डालमिया ने ये जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वित्तीय सशक्तिकरण मनाया जाएगा। जिसमें चौपाल कार्यक्रम के जरिए गांव-गांव तक डाक सेवाओं के विषय में जागरुकता तथा उनके वित्तीय सशक्तिकरण का कार्य किया जाएगा। श्री डालमिया ने बताया कि बुधवार 11 अक्टूबर को फिलाटेली दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के डाक संभागों में ढाई आखर प्रतियोगिता के तहत स्कूलों में इंटरैक्टिव सेशन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सेमीनार होंगे। परिमण्डल निदेशक ने कहा कि मेल्स और पार्सल दिवस पर 12 अक्टूबर को बीएनपीएल ग्राहकों के साथ बैठक आयोजित करेंगे, और बेहतर व्यवसाय देने वाले ग्राहकों उनका सम्मान भी करेंगे। साथ ही मेल्स की गुणत्ता सुधार के लिए विभिन्न स्तरों पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। श्री डालमिया ने कहा कि अंत्योदिवस पर 13 अक्टूबर को वंचित, पिछड़े, एवं दूर-दराज वाले क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों के लिए आधार पंजीकरण और अपडेशन का आयोजन विभिन्न होंगे। जिसके तहत जन सुरक्षा स्कीम पीएमजेजेवाय, पीएमएसबीवाय, एपीवाय, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, सोशल सिक्यूरिटी पेंशन्स, महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि एकाउंट्स, एईपीएस जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरुकता कार्यकम होंगे। इसके साथ ऑनलाइन भुगतान के दौरान धोखाधड़ी से बचने के संबंध में सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की जावेगी। इसके साथ ही कामन सर्विस सेंटर सेवाओं के पंजीकरण, प्रधानमंत्री किसान पंजीकरण, आयुष्मान भारत, श्रम शक्ति योजना और प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रमाण पत्र के वितरण संबंधी जानकारियों भी इस दौरान आम नागरिकों तक पहुंचाई जावेगी। इसी कड़ी में फैक्ट्री अथवा व्यावसायिक संस्थानों के संचालक और कर्मचारियों को इंडियान पोस्ट पेमेंट बैंक की जीएजी पॉलिसी की बीमासुविधा की जानकारी प्रदान की जावेगी।

श्री डालमिया ने बताया कि डाक विभाग द्वारा रजिस्ट्री, पार्सल, स्पीड पोस्ट, अल्प बचत योजनाओं, जीवन बीमा पॉलिसी, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, आधार अपडेशन, रेल टिकट रिजर्वेशन, पासपोर्ट सेवा केन्द्र, डाक निर्यात केन्द्र, गंगाजल वितरण , तिरंगा वितरण आदि जन उपयोगी सेवाओं के माध्यम से दूरस्थ स्थित क्षेत्र में भी सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

गजवेल व कामारेड्डी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे केसीआर

हैदराबाद, देशबन्धु। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने दो सीटों से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। साथ ही वह लगातार कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वह 9 नवंबर को सिद्दीपेट जिले की अपनी पारंपरिक सीट गजवेल के अलावा बीआरएस के मजबूत किले के तौर पर मशहूर कामारेड्डी विधानसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ेंगे। 9 नवंबर की सुबह, सिद्दीपेट निर्वाचन क्षेत्र में कोन्यापल्ली वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का दौरा किया जाएगा और परंपरा के अनुसार विशेष पूजा की जाएगी। बाद में सीएम केसीआर गजवेल में अपना पहला नामांकन करेंगे।

इसके बाद दूसरा नामांकन दोपहर दो बजे कामारेड्डी में किया जाएगा। बाद में सीएम केसीआर तीन बजे से शुरू होने वाली कामारेड्डी जनसभा में हिस्सा लेंगे। बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की 15 अक्टूबर को तेलंगाना भवन में पार्टी विधायक उम्मीदवारों के साथ बैठक करेंगे। बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव 15 अक्टूबर को तेलंगाना भवन में पार्टी के विधायक उम्मीदवारों से मुलाकात करेंगे।

इस मौके पर सीएम केसीआर उम्मीदवारों को चुनाव में अपनाए जाने वाले नियम-कायदों के बारे में बताएंगे। वहीं बीआरएस के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव बीआरएस पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे। बाद में, 15 अक्टूबर को ही केसीआर हैदराबाद से प्रस्थान करेंगे और शाम 4 बजे हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र केंद्र में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे।

केसीआर इस जिले में करेंगे दौरा

16 अक्टूबर को सीएम जनगामा और भुवनागिरी निर्वाचन क्षेत्रों के केंद्रों में एक खुली बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद 17 अक्टूबर को केसीआर सिद्दीपेट और सिरिसिला निर्वाचन क्षेत्र केंद्रों में आयोजित सार्वजनिक बैठक में भाग लेंगे। वहीं 18 अक्टूबर को केसीआर दोपहर 2 बजे जडचार्ला निर्वाचन क्षेत्र केंद्र और उसी दिन शाम 4 बजे मेडचल निर्वाचन क्षेत्र केंद्र में आयोजित जनसभा में भाग लेंगे।

एथलीटों से मुलाकात करेंगे मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हांगझोऊ एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से मुलाकात करेंगे। चीन में एशियाई खेलों में भारत ने इतिहास रचा है। एशियन गेम्स में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत 100 पदक जीतने में सफल रहा है। इस दमदार प्रदर्शन से पूरा देश खुश है। इस बीच पीएम ने ऐलान किया है कि वो मंगलवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एथलीटों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के एथलीट, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी भाग लेंगे। इससे पहले गत रविवार को पीएम ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में अब तक के सबसे अधिक पदक जीतने के लिए भारतीय दल की सराहना की।

फिलिस्तीन के लोगों की समस्या का होना चाहिए समाधान

इजरायल-हमास संघर्ष के बीच किया युद्ध विराम का आह्वान

नई दिल्ली, देशबन्धु। सोमवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में इजरायल की सेना और हमास के बीच चल रही खतरनाक लड़ाई को तत्काल खत्म करने का आह्वान किया गया। साथ ही पार्टी की ओर से फिलिस्तीन का समर्थन करने की बात करते हुए कहा गया कि कांग्रेस लंबे समय से फिलिस्तीनी लोगों के लिए उनकी जमीन और अधिकारों की पक्षधर रही है। सभी को गर्व के साथ जीने का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वह तत्कालिक रूप से युद्ध विराम का आह्वान करती है। मौजूदा स्थितियों में दोनों देशो को बैठकर बात करनी चाहिए। बता दें कि एक दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी ने इजरायल पर किए गए हमास के हमले की निंदा की थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा से मानना रहा है कि इजरायलियों की राष्टीय सुरक्षा चिंताओं को सुनिश्चित करते हुए फिलिस्तीन के लोगों को वाजिब मांगों को बातचीत के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हमास के आतंकियों की ओर से शनिवार को इजरायल पर किए गए हमले के बाद दुनिया भर के देशों के नजरें उस पर लगी हुई हैं।

इजरायल ने भी युद्ध का ऐलान करते हुए जवाबी कार्रवाई शुरू कर चुका है। गाजा पर भयानक बमबारी हो रही है। तमाम भवनों व कार्यालयों को निशाना बनाते हुए उन्हें तहस-नहस कर दिया गया है। चारों ओर तबाही का मंजर दिख रहा है।

लद्दाख हिल काउंसिल में हारी भाजपा को राहत

विधानसभा चुनाव टलने की घोषणा मलहम साबित हुई

• **सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, (देशबन्धु। अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार हुए लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (करगिल) के चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जो जीत का जलवा बिखेरा उसने प्रदेश भाजपा को गहरा आघात पहुंचाया है। इतना जरूर था कि इस हार से घबराई भाजपा को देश के मुख्य चुनावायुक्त की उस घोषणा ने फिलहाल राहत प्रदान की है जिसमें उन्होंने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों को टालने की बात कही है। करगिल के स्थानीय हिल काउंसिल के चुनावों के परिणामों में 26 सीटों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस व नेकां ने एक तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा जमा लिया। भाजपा को यहां करारी हार का सामना करना पड़ा। उसके 17 में से दो प्रत्याशी ही जीत सके यानी साढ़े आठ फीसदी प्रत्याशी जीते। विपक्ष ने कहा कि जनता ने भाजपा को नकार दिया है। यह अनुच्छेद 370 को हटाने तथा राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त करने के फैसले के खिलाफ जनमत है। हालांकि प्रदेश भाजपा के नेता कहते थे कि इन चुनावों के परिणाम का जम्मू कश्मीर की राजनीति पर कोई ज्यादा असर नहीं पड़ेगा क्योंकि दोनों अलग अलग केंद्र शासित प्रदेश हैं और दोनों के अपने अलग अलग राजनीतिक एजेंडे भी हैं। पर राजनीतिक पंडित कहते थे कि इन परिणामों का असर आने वाले लोकसभा चुनावों पर जरूर देखने को मिलेगा, चाहे विधानसभा चुनाव इससे अछूते रहें।

यह भी सच है कि चुनावायुक्त ने प्रदेश में फिलहाल विधानसभा चुनावों को कई कारणो से टाल कर अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की ही मदद की है। उसके कई नेता इसे राहत के तौर पर लेते हुए नाम न छापने की शर्त पर कहते थे कि प्रदेश भाजपा नेताओं को इन परिणामों से सचेत होकर अपनी रणनीति में बदलाव लाना होगा।

मतदाताओं का सामना करना नहीं चाहती भाजपा : उमर

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद चुनाव में एनसी-कांग्रेस गठबंधन की व्यापक जीत जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के खिलाफ लोगों के गुस्से का नतीजा है। सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उमर ने गठबंधन पर भरोसा जताने और इन चुनावों में भाजपा की हार के लिए कारगिल के लोगों को धन्यवाद दिया। एनसी उपाध्यक्ष ने कहा कि न तो केंद्र सरकार और न ही भाजपा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए तैयार है। भाजपा मतदाताओं को सामना नहीं करना चाहती हैं।

कुख्यात अपराधी जुबैर मौलाना गिरफ्तार, जुलूस भी निकाला

भोपाल, देशबन्धु। भोपाल क्राइम ब्रांच ने कुख्यात अपराधी जुबैर मौलाना को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद ऐशबाग इलाके में उसके घर के पास ही उसका जुलूस भी निकाला गया। बताया गया है कि जुबैर बीते एक महीने से एमपी नगर थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा था। उसके खिलाफ पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित था।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शेलेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक आरोपी जुबैर मौलाना ने सितंबर महीने में दुर्गा नगर में अपने दो साथियों के साथ मिलकर अब्दुल नफीस पुत्र अब्दुल वसीम उम्र 38 वर्ष पर गाली दागकर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया था। इस वारदात को पुरानी रंजिश को लेकर अंजाम दिया था। वहीं इस वारदात के बाद से ही जुबेर फरार चल रहा था। उस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है। वहीं लंबे समय से क्राइम ब्रांच उसकी तलाश कर रही थी। उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। लेकिन वह हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। बताया गया है कि आरोपी सोमवार को जुबैर फतेहगढ़ में स्थित एक चाय दुकान के पास अपने दोस्त से मिलने आया था। मुखबिर की सूचना पर यहां पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस जुबैर के ऐशबाग इलाके में उसके घर अवैध हथियार की तलाश करने पहुंची। इस दौरान इलाके में उसके घर के पास ही उसका जुलूस भी निकाला गया। फिलहाल पुलिस बदमाश से पूछताछ में जुटी है।

सरपंच के पति और बेटे सहित 4 पर प्रकरण दर्ज

भोपाल, देशबन्धु। बैरसिया के ग्राम पिपलिया हसनाबाद में एक माह पहले एक युवक ने खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गांव की सरपंच के पति, उसके बेटे और भाई समेत चार लोगों पर खुदकुशी के लिए उकसाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि इस मामले में अभी और लोगों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है।बैरसिया थाने के एएसआइ हेमंत कुमार सिंह के मुताबिक ग्राम पिपलिया हसनाबाद निवासी 38 वर्षीय मुशरफ खान ने 7 सितंबर को अपने गांव में खुदकुशी कर ली थी। उस समय उसके पास कोई पत्र नहीं मिला था, लेकिन बाद में उसके परिजनों ने पलंग के गद्दे के नीचे से मिले दो पत्र पुलिस को सौंपे थे। उसमें करीब 12 लोगों के नाम लिखे थे, जो उसे प्रताड़ित कर रहे थे। इसमें चार नामों के संबंध में साक्ष्य पुलिस को मिल गए हैं। इसके चलते उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। इनमें गांव की सरपंच के पति लतीफ खान, उसका बेटा हसीन खान, भाई अनीस खान और एक अन्य गुलसान खा शामिल है। बताया गया है कि मुशर्रफ ने गांव के कुंए की खोदाई को लेकर इनकी शिकायत की थी, जिसकी जानकारी इन लोगों को मिल गई थी और वह उसे शिकायत करने पर परेशान कर रहे थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भाजपा की प्रयोगशाला में मरे हुए.... आदिवासियों की स्थिति पर राहुल ने कहा कि भाजपा की प्रयोगशाला में भाजपा नेता आदिवासियों के ऊपर पेशाब करते हैं। जो जानवरों को भी नहीं खिलाया जाता वो यहां आदिवासियों को खिलाया जाता है। भाजपा के लिए आदिवासी सिर्फ 'वनों के वासी' हैं, जबकि कांग्रेस उन्हें जमीन का मालिक मानती है। राहुल ने कहा कि हमारी सरकार ने आपको 3.5 लाख आदिवासियों को जमीन के पट्टे दिए, भाजपा ने आपको धमकाकर, हिंसा व बल प्रयोग कर आपसे आपका अधिकार छीना। कांग्रेस सरकार आएगी तो आदिवासियों को जमीन का हक वापस देंगे। राहुल ने कहा कि दलित, आदिवासी एवं पिछड़ों को अपना अधिकार मिल सके, इसके लिए हमने जाति आधारित जनगणना की मांग की है ताकि इन्हें अपना अधिकार मिल सके।

कद्दावर नेताओं की दावेदारी ने बढ़ाई प्रदेश नेतृत्व के दिलों की धड़कन

भाजपा ने खरगापुर से राहुल लोधी को दिया टिकिट, कांग्रेस में असमंजस की स्थिति

विष्णु दयाल श्रीवास्तव

प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगने के साथ ही भाजपा द्वारा 57 प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस सूची में जिले की खरगापुर सीट से विधायक एवं हाल ही में राज्य सरकार में मंत्री बनाए गए राहुल सिंह लोधी को टिकिट दिया गया है। टीकमगढ़ जिले की दो विधानसभाओं में अभी टिकिट वितरण नहीं किया जा सका है। कांग्रेस पार्टी द्वारा अभी जिले की किसी भी सीट पर प्रत्याशियों की अधिकृत घोषणा नहीं की जा सकी है। दोनो ही दलों के नेताओं द्वारा अपनी-अपनी दावेदारी प्रस्तुत की जा रही है। जिले की टीकमगढ़ एवं जतारा विधानसभा के वर्तमान विधायकों सहित कद्दावर नेताओं की दावेदारी ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व के माथे पर बल ला दिए हैं। टिकिट नहीं मिलने की सूरत में भाजपा में बगावत देखने को मिल सकती है। कुछ यही हाल कांग्रेस पार्टी में भी देखने को मिल रहा है। जिले की तीनों सीटों से कई कद्दावर नेताओं की दावेदारी के बीच प्रत्याशी चयन करना आसान नजर नहीं आ रहा है।

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले की खरगापुर विधानसभा में जातिगत समीकरणों का अहम रोल रहता है। इस विधानसभा में अहिरवार, यादव और लोधी समाज के मतदाताओं का बोलबाला है। पिछले दो विधानसभा चुनावों की बात की जाए तो यहां चौकाने वाले परिणाम देखने को मिले हैं। वर्ष 2013 में इस विधानसभा से भाजपा की फायरब्रांड नेत्री सुश्री उमा भारती के भतीजे भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह को 5677 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। राहुल सिंह लोधी की हार का प्रमुख कारण चुनावी समर में उतरी श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी को माना गया था। निर्दलीय श्रीमती लोधी को 12195 मत प्राप्त हुए थे। कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर को इस चुनाव में 59771 मत प्राप्त हुए थे तथा राहुल सिंह को 54094 मतों से ही संतोष करना पड़ा था। इसके पश्चात वर्ष 2018 में एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर तथा भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी के बीच चुनावी घमासान हुआ। इसके साथ ही पूर्व विधायक अजय सिंह यादव बहुजन समाज पार्टी से तथा समाजसेवी प्यारेलाल सोनी ने बतौर निर्दलीय चुनावी मैदान में ताल ठोक दी। अजय यादव तथा प्यारेलाल सोनी के चुनावी समर में उतरने से कांग्रेस का वोट बैंक लड़खड़ा गया और इसका फायदा भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी को मिल गया। इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी को जिताने के लिए विधानसभा से सटे राज्य उत्तर प्रदेश के कई दिग्गज नेता श्री लोधी का प्रचार करते दिखाई दिए। भाजपा की फायरब्रांड नेत्री मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने भी पूरे दमखम के साथ गांव-गांव जाकर चुनावी सभाएं करके भतीजे राहुल सिंह लोधी को जिताने के लिए अथक परिश्रम किया। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी से चुनावी समर में उतरे अजय सिंह यादव को 15366 तथा निर्दलीय प्यारेलाल सोनी को 13258 मत प्राप्त हो गए। इस प्रकार यह दोनो प्रत्याशी 28624 मत प्राप्त करके कांग्रेस प्रत्याशी की हार में बड़ा कारण बन गए। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी को 63066 तथा कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गोर को 51401 मत प्राप्त हुए थे। इस तरह वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को 11665 मतों से हार का सामना करना पड़ा।

मतदाताओं को कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा का इंतजार

खरगापुर विधानसभा में वर्ष 2023 के चुनाव में परिस्थितियां बदली-बदली नजर आ रही हैं। वर्ष 2018 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ चुके अजय यादव कांग्रेस का दामन थाम कर टीकमगढ़ विधानसभा से टिकिट पाने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। भाजपा से राहुल सिंह लोधी का टिकिट तय कर दिया गया है तो वहीं कांग्रेस में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस पार्टी से पूर्व विधायक स्वर्गीय ठाकुरदास यादव के नाती एंव कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (मीडिया विभाग) अजय सिंह यादव अपनी दावेदारी कर रहे हैं। इनके अलावा हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य भक्ति तिवारी ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है। पूर्व विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर द्वारा विधानसभा क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है। वर्तमान विधायक श्री लोधी की कार्यशैली को लेकर नाराजगी सामने आ रही है, लेकिन इसका फायदा कांग्रेस प्रत्याशी को कितना मिल पाएगा यह तो प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। बहरहाल अभी कुछ भी कह पाना संभव नहीं है। क्षेत्र की जनता बेसब्री से कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी घोषित होने की इंतजार कर रही है।

2018 में 1 लाख 58 हजार 609 मतदाताओं ने किया था मतदान

वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कुल 10 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया था। इस चुनाव में कुल 1 लाख 38 हजार 698 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। इसके पश्चात वर्ष 2018 में कुल 18 प्रत्याशी चुनावी समर में उतरे थे। इस चुनाव में कुल 1 लाख 58 हजार 609 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। इस प्रकार देखा जाए तो वर्ष 2013 के मुकाबले वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 19 हजार 911 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई थी।

पिछली बार आसानी से जीते हरीशंकर के लिए चुनौती बनेगी कांग्रेस

जिले की एकमात्र एससी के लिए आरक्षित विधानसभा सीट जतारा से वर्तमान में भाजपा के हरीशंकर खटीक विधायक हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में शरद यादव की पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल से समझौते के तहत कांग्रेस द्वारा जतारा विधानसभा से प्रत्याशी नहीं उतारे जाने के कारण श्री खटीक ने काफी बड़े अंतर से जीत दर्ज कराई थी। इस चुनाव में श्री खटीक को 63315 मत हासिल हुए थे। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी समर्थित लोकतांत्रिक जनता दल के प्रत्याशी विक्रम चौधरी को महज 1181 मत ही हासिल हो सके थे। श्री खटीक के निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशियों आर.आर.वंशल को 26600, अनीता प्रभुदयाल खटीक को 21040 तथा द्वारका प्रसाद अहिरवार को 18349 मत प्राप्त हो सके थे। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री खटीक ने 36715 मतों से जीत दर्ज कराई थी। इसके पूर्व वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश कुमार अहिरवार ने भाजपा प्रत्याशी हरिशंकर खटीक को 233 मतों से हरा दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को 51149 तथा भाजपा प्रत्याशी को 50916 मत प्राप्त हुए थे। निर्दलीय प्रत्याशी संतोष को 15516 मतों से संतोष करना पड़ा था।

प्रत्याशी चयन पर टिकी मतदाताओं की नजर

वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी से अनेक दावेदारों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। इन दावेदारों में प्रमुख रुप से कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव श्रीमती किरण अहिरवार, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कमलेश वर्मा, वरिष्ठ नेता आर.आर.वंशल, कांग्रेस अजा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज अहिरवार तथा अजा विभाग के जिलाध्यक्ष नीरज देशमुख शामिल हैं। इसके अलावा भाजपा से वर्तमान विधायक हरीशंकर खटीक, वरिष्ठ नेता गोपाल सिंह राय, रमेश प्रजापति के नाम संभावित दावेदारों में शामिल हैं। इस विधानसभा सीट पर वर्तमान विधायक हरीशंकर खटीक का जबरदस्त विरोध देखने को मिल रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता से लेकर भाजपा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्रत्याशी बदले जाने की अटकलें चल रही हैं। बहरहाल आगामी समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस द्वारा किन प्रत्याशियों को समर में उतारा जाता है।

2018 में 1 लाख 38 हजार 988 मतदाताओं ने किया मतदान

वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कुल 10 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया था। इस चुनाव में कुल 1 लाख 26 हजार 447 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। इसके पश्चात वर्ष 2018 में कुल 12 प्रत्याशी चुनावी समर में उतरे थे। इस चुनाव में कुल 1 लाख 38 हजार 988 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। इस प्रकार देखा जाए तो वर्ष 2013 के मुकाबले वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 12 हजार 541 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई थी।

टीकमगढ़ में नहीं टिकता जातिगत समीकरण

उमा भारती से जीतने के बाद लगातार हार रहे कांग्रेस नेता यादवेंद्र सिंह

जिले की सबसे महत्वपूर्ण विधानसभा टीकमगढ़ में जातिगत समीकरणों का ज्यादा महत्व नहीं रहता है। शहरी सीट होने के चलते नगर की जनता का प्रत्याशियों की जीत और हार में खासा दखल रहता है। इस सीट पर वर्ष 2008 में भाजपा की फायर ब्रांड नेत्री सुश्री उमा भारती की हार को आज भी याद किया जाता है। इसके साथ ही सुश्री उमा भारती को हराने बाले कांग्रेस के दिग्गज नेता यादवेंद्र सिंह बुंदेला भी लगातार दो बार हार का स्वाद चख चुके हैं। वर्ष 2013 में भाजपा के प्रत्याशी कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने कांग्रेस के प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह बुंदेला को 16889 मतों से हराया था। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 57968 तथा कांग्रेस प्रत्याशी को 41079 मत प्राप्त हुए थे। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी चरण सिंह यादव को महज 13602 मतों से ही संतोष करना पड़ा था। इसके पश्चात वर्ष 2018 में भाजपा नेतृत्व द्वारा युवा नेता राकेश गिरी गौस्वामी को टिकिट दिया गया और कांग्रेस द्वारा एक बार फिर यादवेंद्र सिंह बुंदेला को टिकिट दिया गया। वर्ष 2013 के चुनाव में हार का दंश का झेल चुके यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ा लेकिन 4175 मतों से हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री गिरी को 66958 तथा कांग्रेस प्रत्याशी श्री सिंह को 62783 मत प्राप्त हुए थे। इस चुनाव में निर्दलीय के रुप में उतरे डॉ. विनोद कुमार राय को महज 9793 मतों से ही संतोष करना पड़ा था। इस प्रकार भाजपा प्रत्याशी को आखिरकार जीत हासिल हो गई थी।

भाजपा और कांग्रेस में मंडरा रहा भीतरघात का खतरा

टीकमगढ़ विधानसभा में इस बार चौकाने बाले परिणाम आ सकते हैं। भाजपा के भीतर भीतरघात का खतरा मंडरा रहा है तो वहीं कांग्रेस भी इससे अछूती नजर नहीं आ रही है। अभी तक भाजपा से वर्तमान विधायक राकेश गिरी गौस्वामी, पूर्व विधायक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव तथा भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी टिकिट पाने के लिए दमदार दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस से टिकिट पाने के लिए खरगापुर के पूर्व विधायक अजय यादव, अनिल बड़कुल सहित पूर्व मंत्री यादवेंद्र सिंह बुंदेला द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्याशियों का टिकिट तय नहीं किया जा सका है। टीकमगढ़ नगर पालिका के चुनाव में शिकस्त का स्वाद चख चुकी भाजपा द्वारा फूंक-फूंक कर कदम रखे जा रहे हैं। बहरहाल इस सीट पर टिकिट वितरण का इंतजार किया जा रहा है। मतदाताओं की चुप्पी काफी कुछ बयां कर रही है। शहर के चौराहों पर चर्चा का लब्बो लुआब प्रत्याशी चयन के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की ओर इशारा कर रहा है।

2018 में 1 लाख 48 हजार 669 मतदाताओं ने किया था मतदान

वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कुल 20 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया था। इस चुनाव में कुल 1 लाख 35 हजार 348 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। इसके पश्चात वर्ष 2018 में कुल 17 प्रत्याशी चुनावी समर में उतरे थे। इस चुनाव में कुल 1 लाख 50 हजार 790 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। इस प्रकार देखा जाए तो वर्ष 2013 के मुकाबले वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 15 हजार 442 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई थी।

अवैध कट्टा व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब, अवैध शस्त्र, अवैध मादक पदार्थ, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटीयों की धरपकड़ एवं कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में 10 अक्टूबर मंगलवार को दिगौड़ा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर धामना. दिगौड़ा आम रोड तालाब के पास आरोपी संजय उर्फ संजू पिता शिवदयाल विश्वकर्मा उम्र 20 साल निवासी धामना थाना दिगौड़ा की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक 315 बोर का देसी कट्टा व एक कारतूस मिलने पर जप्त कर आरोपी को 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अनुमेहा गुप्ता थाना प्रभारी दिगौड़ा, उप निरीक्षक नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, प्रधान आरक्षक मुकेश राय, प्रधान आरक्षक सादिक खान, प्रधान आरक्षक अवधेश खरे, प्रधान आरक्षक प्रभु सिंह, आरक्षक शैलेंद्र रावत, आरक्षक राजेश लोधी, आरक्षक पंकज साहू का योगदान रहा।

गांजे के पेड़ जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

पलेरा, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब, अवैध शस्त्र, अवैध मादक पदार्थ, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटीयों की धरपकड़ एवं कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार द्वारा जरिये मुखविर सूचना की तस्दीक पर ग्राम बखतपुरा में आरोपी बलवान उर्फ बलराम लोधी पिता छिमाधर लोधी उम्र 42 साल निवासी बखतपुरा का अपने घर के पीछे बने बाड़े मे दो गांजा के पेड़ जिसमे एक सूखा पेड एवं एक हरा पेड़ जिसकी मात्रा बजनी 4.110 किलो ग्राम, कीमती 15 हजार रुपये का अवैध रुप से लगाये पाये जाने से मौके से जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना पलेरा में अपराध क्रमांक 376/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार थाना प्रभारी पलेरा, उप निरीक्षक जयेन्द्र गोयल, प्रधान आरक्षक ग्यासी लाल यादव, फूलचन्द्र बौद्ध, सुरेन्द्र राय, आरक्षक संजय राजपूत, संतोष चक्रवर्ती, नरेन्द्र पटेल, अरविन्द्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

कलेक्टर - एसपी ने संवेदनशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा मंगलवार 10/10/2023 को थाना खरगापुर अंतर्गत संवेदनशील मतदान केंद्र हायर सेकेंडरी स्कूल पलेरा, महाविद्यालय पलेरा सहित देहात के मतदान केंद्रों ग्राम संजय नगर, ग्राम चोरटानगा का भ्रमण कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस अवसर पर तहसीलदार पलेरा डॉक्टर अवंतिका तिवारी एवं थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य व्यवस्थाओं हेतु जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

झोलाछाप चिकित्सकों की सूची तैयार कर करें वैधानिक कार्यवाही: कलेक्टर

टीकमगढ़, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति के समस्त अधिकारी व कर्मचारियो की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.आर. रोशन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती रचना बुधौलिया, डीएचओ प्रथम डॉ. पीके माहौर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वितीय डॉ. केएम बरूण सहित समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान सभी अधिकारी आदर्श आचार संहिता का कढ़ाई से पालन करें व समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरूस्त रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता निरंन्तर भ्रमण करें एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। किसी भी स्वास्थ्य संबंधी अप्रिय घटना होने पर तत्काल सूचना देवे। इस संबंध में समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री शर्मा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, अनमोल पोर्टल इंट्री, क्षय कार्यक्रम, अंधत्व कार्यक्रम, कुष्ठ कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आशा कार्यक्रम की समीक्षा की गई। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को अनिवार्यता शीघ्र पंजीयन व प्रथम तिमाही में पंजीयन के निर्देश दिये, जिससे गर्भवती माताओं महिलाओं की जांच समय पर कराई जा सके व समस्त महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देशित किया कि खण्ड चिकित्सा अधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत समस्त शासकीय व प्राईवेट स्वास्थ्य संस्थाओं पर पर्याप्त दवा व आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनश्चित करें व खण्ड चिकित्सा अधिकारी इस आशय का लिखित प्रमाण-पत्र जिला कार्यालय मे प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में संचालित समस्त सोनोग्राफी सेन्टर पर कितनी गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई व इनमें से कितने सुरक्षित प्रसव हुये इसकी जानकारी प्राप्त कर प्रस्तुत करें। आगामी माह में त्यौहारों को मद्देनजर खाद्य अधिकारी निरंन्तर खाद्य सामग्रियों का निरीक्षण करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के चिन्हित औषधी निरीक्षक निरन्तर भ्रमण करें व प्राईवेट मेडीकल का निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करें इस संबंध में इनको लिखित निर्देश जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि झोलाछाप चिकित्सकों की अपने क्षेत्र अंतर्गत समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी सूची तैयार कर आवश्यक प्रावधानित कार्यवाही करें।

दीवार धंसने से 2 बच्चों की मौत, महिला घायल

पन्ना, देशबन्धु। अजयगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत फरस्वाहा के ग्राम सुनहरा में दीवार धसने से उसके नीचे दबकर 2 बच्चो की मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर हालत में घायल हो गई। जानकारी के अनुसार बीते दिवस दीवार को खोदते समय दीवार के गिरने से सवानी पिता रामप्रसाद अहिरवार उम्र 13 साल, शिवम पिता विनोद अहिरवार उम्र 11 साल व तुलसा प्रजापति सभी निवासी सुनहरा उसकी चपेट में आ गए। जिसकी जानकारी लगते ही आसपास के लोग एकत्रित हो गए और तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ लाया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा बच्चो को मृत घोषित कर दिया जबकि महिला का इलाज जारी है। घटना की जानकारी लगते ही बीरा चौकी प्रभारी भानू प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। दीवार के बगल से पुरानी मुरुम की खदान थी जिससे दीवाल गिराते समय पहले ही दीवार गिर गई क्यो की नीचे से मुरुम की खदान दीवार के पास तक पहुंच गई थी जिससे वह दीवार कमजोर ही गई और सोचने से पहले गिर गई जिसकी चपेट में ये लोग आ गए और ये दर्दनाक घटना घटित हो गई।

अजयपाल किले के पास पेड़ पर लटका मिला महिला का शव

पन्ना, देशबन्धु। अजयगढ़ थाना अंतर्गत अजयपाल किला के तालाब के पास पेड़ पर एक महिला की लाश फांसी के फंदे में लटकने की सूचना से हड़कंप मच गया, अजयगढ़ थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश प्रजापति निवासी वार्ड 12 ने रिपोर्ट लिखवाई की उसकी भाभी राधा प्रजापति सुबह 9 बजे शौच को कह कर घर से गई थी, काफी देर तक नहीं लौटने पर भाई फूलचंद प्रजापति व परिवार के लोगो के द्वारा खोजबीन की गई, तलाश के बाद भी नहीं मिलने पर थाना अजयगढ में गुम शुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, सूचना मिली की राधा प्रजापति अजयगढ किला के ऊपर तालाब के पास पेड़ की डाल में साड़ी से फांसी के फंदे में लटकी है, परिजन व पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे और पंचनामा पोस्टमार्टम कराने के पश्चात शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है, महिला ने फांसी लगाई या उसकी हत्या हुई है यह जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट व पुलिस जांच उपरांत ही पता चल सकेगा फिलहाल उक्त घटना से नगर में सनसनी फैली है।

भागवत कथा के चौथे दिन सुनाई कृष्ण जन्म की कथा

दमोह देशबन्धु। किशोरी वैष्णवी गर्ग के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा मुकेश कालोनी पाठक स्कूल के पास पितृपक्ष में सिविल वार्ड 6 में गर्ग परिवार द्वारा साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें चतुर्थ दिवस की कथा पर कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में लिखें मंत्र और श्लोक केवल भगवान की आराधना और उनके चरित्र का वर्णन ही नहीं है। श्रीमद्भागवत की कथा में वह सारे तत्व हैं जिनके माध्यम से जीव अपना तो कल्याण कर ही सकता है साथ में अपने से जुड़े हुए लोगों का भी कल्याण होता है। जीवन में व्यक्ति को अवश्य ही भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। बिना आमंत्रण के भी अगर कहीं भागवत कथा हो रही है तो वहां अवश्य जाना चाहिए। इससे जीव का कल्याण ही होता है। आज की युवा पीढ़ी धन कमाने में लगी हुई है लेकिन अपनी कुल धर्म और मर्यादा का पालन बहुत कम कर रहे हैं। श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया सभी भक्त कृष्ण के रंग में डूबे नजर आए अंत में कान्हा की आरती एवम प्रसाद वितरण किया गया।

आचार संहिता लागू होते ही स्ट्रांग रूम पहुंचे

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

दमोह देशबन्धु। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की आदर्श आचार संहिता लागू होते ही कलेक्टर एवं जिलानिर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने संयुक्त रूप से जबलपुर नाका स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज में बने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम तथा मतदान दल वितरण वापिसी स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने कॉलेज परिसर में बाहर से आने व जाने वाले मार्गों सहित वाहन पार्किंग स्थल व अन्य स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जेल में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

विशेष स्वास्थ्य परीक्षण
विधिक सहायता शिविर

दमोह देशबन्धु। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में षष्ठम जिला न्यायाधीश अजयकान्त पाण्डेय, जिला न्यायाधीश/सचिव अम्बुज पाण्डेय, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश राय, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एन.के. पटेल, मेडीकल अधिकारी डॉ. विजय पथौरिया, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आशी दुबे, उपजेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति एवं जेल स्टाफके साथ बंदीगण उपस्थित रहे। षष्ठम जिला न्यायाधीश अजयकान्त पाण्डेय ने मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर उपस्थित बंदियों को बताया कि योग करने से कई बीमारियों को खत्म किया जा सकता है और मानसिक तनाव भी दूर होता है इसलिये सभी बंदियों को अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाये रखने के लिये नियमित रूप से योगा और मेडीटेशन करना चाहिये। जिला न्यायाधीश/सचिव अम्बुज पाण्डेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह ने प्लीबार्गेनिंग के विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी बंदियों को दी व उनके अधिकारों के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि जेल में रहकर चिंता नहीं चिंतन करें और जेल से निकलने के पश्चात सम्मानपूर्वक जीवन जीने का संकल्प लें। जागरूकता शिविर के साथ ही विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें उपस्थित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश राय द्वारा जिन बंदियों को नेत्र से संबंधित परेशानी थी उनका नेत्र परीक्षण किया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा डॉ. एन. के. पटेल जिन बंदियों को हड्डी से संबंधित समस्या या फ्रेक्चर था उनका परीक्षण किया गया। मेडीकल विशेषज्ञ डॉ. विजय पथौरिया द्वारा बंदियो की स्वास्थ्य समस्यायें पूंछकर चौकअप किया गया एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आशी दुबे द्वारा नाक, कान, गले से संबंधित बंदियों का उपचार कर संबंधित बंदियों को लिखी गई, दवायें बुलवाये जाने हेतु उप जेल अधीक्षक को कहा गया । कार्यक्रम के अंत में बंदियों से उनकी समस्या पूछकर समाधान बताये गये।

कॉलेजों के कैंपस एंबेसडर का हुआ प्रशिक्षण

दमोह देशबन्धु। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह में 11 महाविद्यालयों के 22 कैंपस एंबेसडर, 11 प्रचार्य एवं 11 मेंटर शिक्षको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक दिलीप जोशी, मुकेश गुजरे एवं मोहन राय द्वारा नोडल मास्टर ट्रेनर एच.एस. हसन की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण की समस्त गतिविधियों को सूक्ष्मता के साथ ऑब्जर्व किया। कार्यक्रम में स्वीप सहायक नोडल प्रचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार द्वारा पूर्व विधनसभा चुनाव में चारों विधानसभाओं के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कैंपस एंबेसडर को कुशल रणनीति एवं टीमवर्क के साथ प्रत्येक विधानसभा में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

सबसे पहले मतदान

डॉ. आशीष को पं. गोपालदास वरैया स्मृति विद्वत्परिषद् पुरस्कार से सम्मानित किया

दमोह देशबन्धु। आगरा उत्तर प्रदेश में तीर्थंकर भगवान् महावीर स्वामी निर्वाण के 2550 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी एवं अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद् (रजि.) के 48 वें अधिवेशन के अवसर पर परम पूज्य मुनि पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के ससंघ सान्निध्य में श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, हरीपर्वत, आगरा (उ.प्र.) में एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ डॉ आशीष कुमार जैन बम्हौरी को पं गोपालदास वरैया स्मृति विद्वत्परिषद् पुरस्कार – 2023 से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार में ग्यारह हजार रूपये की राशि, प्रशस्ति पत्र, साल द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ आशीष कुमार जैन, बम्हौरी को इस पुरस्कार प्राप्त होने पर विद्वत् परिषद् के अध्यक्ष प्रो अशोक कुमार जैन, वाराणसी, उपाध्यक्ष प्रो सुरेन्द्र कुमार जैन भारती, महामंत्री प्रो विजय कुमार जैन, प्रो रमेशचंद्र जैन, प्रो फूलचंद्र जैन प्रेमी, डॉ अरुण कुमार जैन, प्राचार्य अभयकुमार जैन, प्रो सुदर्शन लाल जैन , पं संजीव जी महरौनी , डॉ . शैलेश जैन , बांसवड़ा , डॉ . जयकुमार जैन प्राचार्य महेन्द्र जैन आदि उपस्थित सभी विद्वानों ने शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की।

शासकीय सेवकों के अवकाश पर प्रतिबंध

पन्ना, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के कार्य संपादन के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से विधानसभा चुनाव के परिणाम की घोषणा तक शासकीय सेवकों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही सभी कार्यालय प्रमुखों को जिला निर्वाचन अधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बगैर किसी प्रकार का अवकाश लेने या मुख्यालय से बाहर नहीं जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ जिले में कार्यरत तृतीय श्रेणी के सभी कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृति संबंधी कार्यवाही करेंगे। साथ ही अवकाश आवेदन का परीक्षण कर जिला निर्वाचन अधिकारी को स्वीकृति की अनुशंसा की जाएगी। विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिले से बाहर स्थानांतरित अधिकारी कर्मचारी जिला निर्वाचन अधिकारी की स्वीकृति के बगैर भारमुक्त भी नहीं किए जाएंगे। इसके अलावा सभी शासकीय सेवकों को जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। एकल चिकित्सक का अस्वस्थता प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। शासकीय सेवक द्वारा पूर्व से मेडिकल अवकाश पर रहने पर भी मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर बोर्ड का अस्वस्थता प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्यालय प्रमुख के माध्यम से जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा, तदुपरांत अवकाश मान्य होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी चिकित्सकों से इस संबंध में जारी आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही मेडिकल बोर्ड के प्रमाण पत्र में हिन्दी में यह उल्लेख करना भी जरूरी होगा कि संबंधित शासकीय सेवक अस्वस्थता के आधार पर पूर्ण अवकाश की पात्रता रखता है अथवा निर्वाचन के किस तरह का कार्य करने योग्य है। कार्यालय प्रमुख द्वारा संबंधित अधिकारी कर्मचारी के मेडिकल अवकाश की अनुशंसा के साथ यह भी प्रतिवेदित किया जाएगा कि संबंधित शासकीय सेवक द्वारा पूर्व में निर्वाचन ड्यूटी के दौरान कब-कब मेडिकल अवकाश लिया है। कार्यालय प्रमुख एवं नियंत्रणकर्ता अधिकारी की अनुशंसा के बगैर शासकीय सेवक का आवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिक्षा विभाग के शैक्षणिक अवकाश के आवेदन पत्र जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ही जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजा जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में अवकाश दिवस में भी ई.मेल प्रेषित करने, डाक प्राप्त करने और संबंधित अधिकारी कर्मचारी तक तत्काल उपलब्ध कराकर कार्यवाही सुनिश्चित करने की व्यवस्था के संबंध में भी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है।

संभागीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन, सागर के खिलाड़ियों ने मचाया धमाल

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

पन्ना, देशबन्धु। शिक्षा विभाग पन्ना के तत्वाधान में 67 वीं तीन दिवसीय संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह छत्रसाल स्टेडियम नजरबाग पन्ना में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला क्रिकेट संघ पन्ना के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संघ प्रिय ने खिलाड़ी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की स्कूल जीवन के खेलों में किया गया प्रदर्शन आपकी जिंदगी में हमेशा याददाश्त के तौर पर बना रहता है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए बतलाया कि नवोदय विद्यालय का छात्र रहते हुए भी उन्होंने कई आवासीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसका एक एक पल उनकी सुनहरी यादों के तरोताजा कर देता है। नवंबर माह में पन्ना जिले में पहली बार राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए उन्होंने अपनी ओर से पूर्ण सहयोग देने की बात कही। इससे पूर्व कार्यक्रम में स्वागत, भाषण जिला शिक्षा अधिकारी सूर्य भूषण मिश्रा द्वारा दिया गया। जिला परियोजना समन्वयक अजय गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा और जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा ने मुख्य अतिथि और कार्यक्रम अध्यक्ष का माल्यार्पण के द्वारा स्वागत किया तत्पश्चात् अतिथियों द्वारा खिलाडियों को पुरूष्कार वितरण किये गये। समापन समारोह का सफल संचालन राजकुमार रिछारिया द्वारा किया गया। क्रिकेट के फाइनल मैच के अंपायर आरपी लुनिया और एसएन बुंदेला रहे। सागर ने जीती अधिकांश शील्ड और ट्रॉफी संभागीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सागर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदान करते हुए सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। दूसरे स्थान पर छतरपुर जिला जबकि मेजबान पन्ना जिला तीसरे स्थान पर रहा। जूनियर कबड्डी बालक में सागर विजेता और छतरपुर उपजेता रहा जबकि बालिका में छतरपुर विजेता और पन्ना उपविजेता रहा। मिनी कबड्डी बालक वर्ग में टीकमगढ़ विजेता और छतरपुर उप विजेता रहा। बालिका वर्ग में सागर विजेता और पन्ना उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के सफल संचालन में पूर्व खिलाड़ी और डीसीए के सचिव शिवकुमार मिश्रा, सेवानिवृत प्राचार्य राजकुमार मिश्रा, वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी रविकांत मिश्रा, निर्मल कुमार मिश्रा, अमित परमार, समीम खान, मनोज खरे, अवधेश कुमार खरे, पहलवान सिंह, लारेंस, धन प्रसाद शर्मा, मनीष दुबे, वसीम खान, देव प्रकाश, धीरेंद्र, सृष्टि श्रीवास्तव, नम्रता दुबे, मीना दीक्षित, मीना तिवारी और अनीता चौबे का विशेष सहयोग रहा।

म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड

कार्यालय का नाम कार्यपालन अभियंता (संचा. / संधा) संभाग - पन्ना

फोन नंबर 07732-252755 ई मेल-eeonm_panna@rediffmail.com

बिजली आपूर्ति बंद रहने की सूचना

बिजली लाइनों का पोस्ट मानसून मेंटनेन्स कार्य करने के लिए निम्नानुसार क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

आपूर्ति बंद रहने का दिनांक	समय	33 एवं 11 केव्ही फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र	संबंधित अधिकारी का नाम	मोबाइल नंबर
12.10.2023	सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक	11 केव्ही बड़ागांव	11 केव्ही बड़ागांव फीडर से सबंधित ग्राम बड़ागांव, सकरिया, मकरी कुठार, बिरवाही, जमुनहाई व अन्य संबंधित क्षेत्र	श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर	9425613840
12.10.2023	सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक	11 केव्ही इटवांकला	11 केव्ही इटवांकला फीडर से सबंधित ग्राम इटवांकला, कोहनी, पिपरी मडैयन, नयापुरा, लुधगवां व अन्य संबंधित क्षेत्र	श्री सतीश कुमार कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्र गुनौर	9425613841
13.10.2023	सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक	11 केव्ही श्यामाडाडा	11 केव्ही श्यामाडाडा फीडर से सबंधित ग्राम जिगदहा, डडवरिया, सिमरी दुबे व अन्य संबंधित क्षेत्र	श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर	9425613840
13.10.2023	सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक	11 केव्ही ककरहटी टाउन	11 केव्ही ककरहटी टाउन फीडर से सबंधित ग्राम ककरहटी टाउन व अन्य संबंधित क्षेत्र	श्री सतीश कुमार कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्र गुनौर	9425613841
14.10.2023	सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक	11 केव्ही सिलगी	11 केव्ही सिलगी फीडर से सबंधित ग्राम गिरवारा, सिलगी, अमसिल व अन्य संबंधित क्षेत्र	श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर	9425613840
14.10.2023	सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक	11 केव्ही मुराछ	11 केव्ही मुराछ फीडर से सबंधित ग्राम बख्तरी, देवरी, गौरा, रनवाहा, लुधगवा, कुलुवा, मुराछ, मथुरापुर, मोहनपुरा, भागेपुर व अन्य संबंधित क्षेत्र ।	श्री सतीश कुमार कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्र गुनौर	9425613841
15.10.2023	सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक	11 केव्ही. एफ-5	11 केव्ही एफ-5 फीडर से संबंधित ग्राम धरमसागर वाटर वर्क्स, चॉदीमारी, इंद्रपुरी कालोनी, कॉच मंदिर एरिया, कलेक्ट्रेट डी.जे. कोर्ट पन्ना बाई पास एरिया, बडीदेवन मंदिर, पुरूषोत्तमपुर, जेल एरिया व आई.टी.आई।	श्री के. एस. घोसी सहायक अभियंता वितरण केन्द्र पन्ना शहर	7000743275
15.10.2023	सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक	11 केव्ही. रानीपुरा	11 केव्ही रानीपुरा फीडर से सबंधित ग्राम रानीपुरा, गढ़ीपड़रिया, देवरीगढ़ी, रानीगंज पुरवा व अन्य संबंधित क्षेत्र	श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर	9425613840
16.10.2023	सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक	11 केव्ही. खपटहा, तिदुनहाई फीडर	11 केव्ही खपटहा, तिदुनहाई फीडर से सबंधित ग्राम खपटहा, श्यामाडाडा, तिदुनहाई, भटहरमेघा, करहिया व अन्य संबंधित क्षेत्र	श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर	9425613840

नोट- आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि बढ़ाई / घटाई जा सकती है ।
'वोट डालना है जरूरी' 'विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है।'

कार्यालय अभियंता (सं./सं.)
म.प्र. पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. संभाग पन्ना

देशबन्धु

छात्राओं ने राष्ट्रीय कला उत्सव में 5 विधाओं में संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, राज्य स्तर के लिये हुई चयनित

सागर, देशबन्धु। राष्ट्रीय कला उत्सव के तहत उत्कृष्ट विद्यालय सागर में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में ईएफए रविशंकर शुक्ल स्कूल की छात्राएं विद्यालय स्तर, विकासखंड स्तर, जिला स्तर पर विजेता होने के उपरांत संभागीय प्रतियोगिता में 5 विधाओं कलाओं में सम्भाग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर प्रतियोगिता हेतु चयनित हुई। विद्यालय की छात्राओं ने क्रमशः पारंपरिक लोकगीत में सेजल प्रजापति, लोक नृत्य में विद्या अहिरवार, स्वर वाद्य में भूमिका सेन, शास्त्रीय नृत्य में इशरा कुरैशी एवं एकल अभिनय में किरण विश्वकर्मा द्वारा वृद्ध आश्रम में वृद्धा का भावुक अभिनय कर सभी का मन मोह लिया, विद्यालय की छात्राओं ने पांच विधाओं में संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर 12 एवं 13 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कला उत्सव में पांचों विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां देंगीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी एवं शाला परिवार ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा एवं उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्राएं अध्यापन के साथ-साथ हर क्षेत्र में चाहे वह तकनीकी, कम्प्यूटर, खेल का क्षेत्र, हो या कला का क्षेत्र प्रत्येक में सर्वांगीण विकास करना है। कला उत्सव की प्रभारी रिंकी राठौर, मार्गदर्शक शिक्षक जयंत विश्वकर्मा, राम गोपाल ठाकुर, मधुलिका जैन, प्रीति तिवारी, उमेदी ठाकुर, दीप्ति द्विवेदी, डॉ. शुभा मिश्रा ने छात्राओं की तैयारी कराकर प्रतियोगिता में सम्मिलित कराया।

अंतर्राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

सागर, देशबन्धु। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की कार्ययोजना तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरूण कुमार सिंह के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष भट्ट की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बाबूपुरा स्थित महिला घरोंदा आश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष भट्ट एवं न्यायिक मजिस्टेट रीना शर्मा द्वारा उक्त आश्रम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मानसिक रूप से अस्वस्थ्य महिलाओं से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। आश्रम में उपस्थित कर्मचारियो से नियमित रूप से उक्त महिलाओं को शारीरिक व्यायाम/योग करवाये जाने हेतु सलाह दी गई। शिविर के दौरान बिस्किट व चिप्स वितरित किये गये। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी, योगेश बंसल एवं घरौंदा आश्रम का स्टाफ उपस्थित रहा।

विश्राम गृह भवनों में आदर्श आचरण संहिता का पालन करना अनिवार्य: श्री आर्य

जिले के सभी विश्राम गृह भवनों का अधिग्रहण

सागर, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों, संगठनों और निर्वाचन कार्य में संलग्न कार्यकर्ताओं और व्यक्तियों की निर्वाचन संबंधी गतिविधियां प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक आर्य ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत जिले के सभी विश्राम भवनों को अधिग्रहीत करने के आदेश जारी किए हैं। विश्राम गृह भवनों के नियंत्रणकर्ता अधिकारी नियम और निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्हें कहा गया है कि विश्राम गृहों का उपयोग राजनीतिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जाएगा। विश्राम गृह परिसर में निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता का पालन करवाना होगा। जिला दंडाधिकारी की अनुमति के बिना विश्रामगृह किसी अन्य को आवंटित नहीं किया जाएगा। विश्रामगृह की विद्युत, पेयजल, सफाई, आवश्यक फर्नीचर क्रॉकरी और खानसामा व स्टाफसंबंधी अन्य व्यवस्थाएं नियंत्रक अधिकारी द्वारा परिसर में सुनिश्चित की जाएगी। जिला दंडाधिकारी द्वारा प्रदत्त एवं समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। अनुविभागीय दंडाधिकारी संबंधित नियंत्रणकर्ता के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र के विश्राम गृहों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

जिला पंचायत सीईओ ने एमसीएमसी, कंट्रोल रूम, कम्युनिकेशन, मतदान दल गठन कक्ष का किया निरीक्षण

सागर, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत तैयार किए गए निर्वाचन से संबंधित दलों के कक्ष का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम, शिकायत कक्ष, कम्युनिकेशन प्लान कक्ष, मतदान दल गठन कक्ष का निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि सभी कार्य समय-सीमा में हो और जिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी जिस समय पर लगी है, वह समय पर उपस्थित रहे अन्यथा कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें और अपना कार्य पूरी ईमानदारी और लगन के साथ करें।

चुनावी प्रचार-प्रसार की होगी सतत मॉनिटरिंग

सागर, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए जिला कलेक्टर ऑफिस के कक्ष 218 में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है। इस सेल में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए चार पालियों में 25 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस सेल में लगातार टेलीविजन और प्रिंट मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित होने वाले विज्ञापनों, समाचारों और फेक न्यूज तथा सभी राजनीतिक समाचारों की मॉनिटरिंग की जाएगी। इस सेल द्वारा अभ्यर्थियों से विज्ञापन प्रमाणन के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे तथा समय सीमा में परीक्षण उपरांत विज्ञापन की अनुमति प्रदान करना सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए चार पाली में ड्यूटी लगाई गई है। यह अधिकारी कर्मचारी टीबी तथा स्थानीय केबल पर पेड न्यूज, फेक न्यूज एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी मॉनिटरिंग करेंगे।

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले 384 वाहनों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्यवाही

सागर, देशबन्धु। पुलिस द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले वाहनों के प्रति सख्त कार्यवाही की जा रही है। वाहन जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाए गए हैं ऐसे 384 वाहनों पर कार्यवाही की है। बिना अनुमति सर्च लाईट लगाना 11 चालान 5500 रूपये, हूटर के विरुद्ध कार्यवाही 11 चाालान 3300 रुपये, बिना नम्बर प्लेट एवं नम्बर प्लेट गलत तरीके से उपयोग करना 97 चालान 48500 रुपये, वाहन द्वारा ध्वनि प्रदुषण 2 चालान, 2000 रुपये वाहन के साथ अनाधिकृत हस्तक्षेप 1 चालान 10000 रुपये, किसी भी परिवहन यान पर किसी भी विज्ञापन की युक्ति आकृति या लेखन का प्रदर्शन 11 चालान, 5500 रुपये अपारदर्शी शीशों का उपयोग वाहन में करना 21 चालान 10500 रुपये एवं अन्य वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही 230 चालान 1,27,000 रुपये कुल चालान 384 चालान 2,33,300 समन शुल्क।

पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। पुलिस द्वारा सभी से अपील की गई है कृपया वाहनों पर अमानक नंबर प्लेट न लगाये हुटर, सायरन विधि विरुद्ध वाहनों में अंकित पदनाम, अवैध मोडिफिकेशन, सर्च लाईट आदि का उपयोग बिल्कुल भी ना करें, यातायात नियमों का पालन करे।

मन के रहस्य थीम पर आधारित, विभिन्न मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का आयोजन

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत मन के रहस्य थीम पर आधारित विभिन्न मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का आयोजन किया गया। उसमे रंगों के चुनाव पर आधारित व्यक्तित्व परीक्षण, भावों के आधार पर व्यक्तित्व एवं चरित्र का परीक्षण, हस्ताक्षर पर आधारित मन के रहस्य, आयाम और घटक का विश्लेषण और प्रतीक परीक्षण साथ ही इंटरनेट लत आदि विषयों का परीक्षण। कार्यक्रम का उद्घाटन विवि के स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार जैन ने किया और उन्होंने प्रत्येक परीक्षण पर अपने रिस्पांस देते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संयोजक डॉ. जीके तिवारी ने मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की उपयोगिता की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में लगभग 250 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कर अपना परीक्षण कराया। इस अवसर पर डॉ. शारदा विश्वकर्मा, डॉ. डीएन शर्मा, शोधार्थी अर्चना चौधरी, अनुराग शुक्ला, अर्चना सिंह, अमित आदि उपस्थित थे।

पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे की कांग्रेस में वापसी

सागर, देशबन्धु। जिले की खुरई विधानसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे की कांग्रेस में वापसी हुई है। चौबे ने मंगलवार देर शाम भोपाल में कमलनाथ के बंगले पर फिर से पार्टी की सदस्यता ली। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पीसीसी चीफ कमलनाथ ने सागर जिले के प्रभारी अवनीश भार्गव की मौजूदगी में उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। अरुणोदय चौबे की घर वापसी से न केवल खुरई बल्कि पूरे जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है। उनके इस निर्णय से कांग्रेस पार्टी को पूरे जिले में मजबूती मिलेगी।

शशिकांत पौराणिक ने पदभार ग्रहण किया

सागर, देशबन्धु। मप्र वित्त विभाग द्वारा विगत दिवस वित्त अधिकारियों को नवीन पदस्थापना की गई थी, जिसके पश्चात मंगलवार को शशिकांत पौराणिक ने जिला कोषालय अधिकारी का पदभार ग्रहण किया।

बीटीआईएनएस में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

सागर, देशबन्धु। बीटी ग्रुप की शाखा बाबूलाल ताराबाई इंस्टीट्यूट ऑफनर्सिंग साइंसेज सागर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर व्याख्यान आयोजित किया। इस उपलक्ष्य पर डॉ. संजय प्रसाद, सहायक प्रध्यापक बीएमसी सागर मानसिक रोग विभाग, तरूण कुमार सिंह रजिस्ट्रार बीटी ग्रुप एवं आरती पटैल नर्सिंग ट्यूटर ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। मानसिक स्वास्थ्य सबका मौलिक अधिकार है एवं इस विषय पर मानसिक बीमारिया एवं उनके बचाव के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में लिटिल स्टार शैलेष मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य डॉ. एसबी सिंह, बीटीआईआरटी के प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले, बीटीआईएनएस उप प्रचार्य सुनील वर्मा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य सुनील वर्मा ने की एवं संचालन सुश्री सोनम ठाकुर नर्सिंग टयूटर ने की। इस उपकक्ष पर छात्र-छात्राओं द्वारा साइकोड्रामा प्रस्तुत किया गया।

विधानसभा निर्वाचन के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित

सागर, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के तहत निर्वाचन कार्य पूर्ण होने तक जिला स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि खेल अधिकारी, आर्ट एण्ड कामर्स कॉलेज सुभाष हार्डीकर को उक्त कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नंबर 9425170724 है। उक्त कंट्रोल रूम जनसेवा केन्द्र में संचालित किया जावेगा। जिसका दूरभाष क्रमांक 07582-242222 है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिये है कि श्री हार्डीकर कर्मचारियों की आवश्यकतानुसार उक्त कंट्रोल रूम में तत्काल ड्यूटी लगाएं तथा लगाये गये कर्मचारियों के नाम, पदनाम, निवास, दूरभाष नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजें। विभिन्न दलों एवं अन्य व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों सूचनाओं को पंजी में दर्ज करावें तथा प्राप्त शिकायतों सूचनाओं को उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उसी दिन प्रस्तुत करें।

आजादी के स्मारक को व्यावसायिक परिसर में बदलने की साजिश कर रही है भाजपा: आशीष ज्योतिषी

आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगे कांग्रेसी

सागर, देशबन्धु। पं. मोतीलाल नेहरू स्कूल को व्यावसायिक परिसर में बदलने की भाजपा की साजिश के खिलाफ कांग्रेस जन से इस एतिहासिक स्थल पर एकत्रित हुए इस अवसर पर नेतृत्व कर्ता कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि इस ऐतिहासिक परिसर जिसमें सागर के देवतुल्य पितृ पुरुष डॉ. हरीसिंह गौर ने अपनी शिक्षा प्राप्त की। यह वही स्थल है जिसमें 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन का शंखनाद हुआ और यहां के शिक्षको पं. ज्वालाप्रसाद ज्योतिषी, रामनाथ पुरोहित, पद्मनाभ तेलंग के नेतृत्व में तत्कालीन छात्रों के साथ विशाल जुलुस निकाला गया था और इसी आंदोलन ने अंग्रेजो की सल्तनत को भारत से भगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के इस स्मारक एवं आसपास के छह वार्डो के बच्चो के खेलने के मैदान को बीजेपी के लोग मिटाने का काम कर रहे है इस परिसर को नेस्तेनाबूत कर इसमें दो सिनेफ्लेक्स, 100 दुकाने एवं फूडजोन बना रहे है। सागर की जागरूक जनता से अनुरोध है कि इस एतिहासिक परिसर को बचाने के लिए एवं व्यवसायिक परिसर न बन पाए इस हेतु आगे आये। यह आजादी का एवं महापुरुषों का स्मारक है। ज्योतिषी ने कहा कि नगर विधायक सारे कार्यों का श्रेय स्वयं लेते है तो इस इतिहास की धरोहर और मैदान को नष्ट करने की जिम्मेदारी भी लेनी होंगी। इतिहास और सागर की जनता भाजपा नेताओं जिसमे मंत्री, विधायक, महापौर शामिल है इनकी व्यावसायिक सोच के कारण ऐतिहासिक धरोहर को समाप्त करने की साजिश को माफ नहीं करेंगी। सागर की जागरूक जनता से अनुरोध है की आज 11 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे कलेक्टर को ज्ञापन देने कांग्रेस कार्यालय में एकत्र होंगे, वहां से कलेक्टर कार्यालय जायेगे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रभात जैन ने कहा कि जैसा कि ज्ञात है की इसी बीजेपी सरकार में सागर का गौरवशाली पुलिस ट्रैनिंग कॉलेज सागर से चला गया, विधि विज्ञान प्रयोगशाला का मुख्यालय अब सागर ना रह कर भोपाल हो गया, सागर तालाब की दुर्दशा हम और आप देख रहे है जिसमे खुदाई हुई नहीं और लगभग सौ करोड़ भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश यादव, सुरेंद्र चौबे, जीतेन्द्र चौधरी, प्रदीप पाण्डेय, जमना प्रसाद सोनी ने सम्बोधित किया। प्रदर्शन में शरद पुरोहित, डॉ. नरेश चौबे, शिवराज लड़िया, मदन सोनी, सागर साहू, गुरमीत सिंह इल्ले, महेश अहिरवार, गोवर्धन रैकवार, पवन पटेल आदि ने अभियान मे भागीदारी की।

भाजपा ने वो कर दिखाया है, जो पिछली सरकारें नहीं कर सकी: यश अग्रवाल

सागर, देशबन्धु। भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी मंडलों में भाजयुमो जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल के नेतृत्व में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें नव मतदाताओं का सम्मान करते हुए उन्हें भाजपा की रीति नीतियों से अवगत कराया। आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शैलेंद्र जैन और विशिष्ट अतिथि के तौर पर निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार मौजूद रहे। कार्यक्रम के संबोधित करते हुए शैलेंद्र जैन ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्धेश्य जनता की सेवा और विकास करना है। आज शहर में हो रहे विकास कार्य इस बात को साबित कर रहे है कि भाजपा ने विकास के माध्यम से जनता को सुविधाएं दी है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसका मूल राष्ट्र का उत्थान है। वृंदावन अहिरवार ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जिसमें समर्पित कार्यकर्ता ही सब कुछ है। पार्टी उस वृक्ष की तरह है, जिसकी जड़ सेवा भाव से जुड़ी हुई है और यह जड़ अब सेवा करते करते और भी मतबूत हो गई है। हाल में ही शहर में लोकार्पित हुआ नए कॉरिडोर ब्रिज भाजपा की ही देने है, जिसने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। आप सभी विकास के इस पथ को और आगे बढ़ाएं। जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा ने पिछले कुछ सालों में वो कर दिखाया है, जो पिछली सरकारें नहीं कर सकी। आज सागर शहर भी किसी महानगर से कम नहीं है। भाजपा ने यहां विकास के कई आयाम गढ़ दिए हैं। पहले आप भी शहर के हालात देखते थे, लेकिन अब यहां कॉरिडोर, सड़कें, बस स्टैंड, पार्कों, वृद्ध आश्रम, रेन बसेरा, अस्पताल का उन्नयन जैसे कई काम हो रहे हैं, जो जनता के लिए हैं।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**– MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।